NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-36, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 11 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### यूपी विधानसभा का मानसून सत्र शुरू

## सपा और लोकतंत्र नदी के दो छोरः सीएम योगी

**लखनऊ।** आज से यूपी विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज हो गया है। सत्र शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने बैनर पोस्टर के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा विधायकों ने आप चलाइये मधुशाला हम चलाएंगे पीडीए पाठशाला के नारे लगाए। बता दें कि चार दिन के इस सत्र के पूरी तरह हंगामेदार होने की संभावना है। विपक्ष इस सत्र को बहुत छोटा बताकर इसे बढ़ाने की मांग कर रहा है लेकिन सरकार के मुताबिक ये सत्र 14 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। विपक्ष इस सत्र में स्कूलों का मर्जर, बिजली का निजीकरण, वोटर लिस्ट रिवीजन, सूबे में आई बाढ़, कानून व्यवस्था और बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाने की तैयारी कर रहा है।

नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि उन्हें गोरखपुर, सम्भल, बहराइच नहीं जाने दिया जा रहा है। इस पर सीएम योगी ने



कहा- समाजवादी पार्टी और लोकतंत्र नदी के दो छोर है। इनके मुंह से लोकतंत्र शब्द शोभा नहीं देता। सम्भल, गोरखपुर, बहराइच सब जगह अराजकता पैदा करना चाहते हैं। आपके कंधे पर बंदूक रखकर चलाना चाहते हैं।

समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान कावंड़ लेकर विधानसभा पहुंचे है। कावंड़ में डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया की फोटो लगी हैं, साथ में लिखा है कि सरकारी शराब की दुकान, नहीं चाहिए मधुशाला, हमें चाहिए पाठशाला। अतुल प्रधान ने कहा कि अ फॉर अखिलेश पढ़ाने में कोई नुकसान नहीं है।

# वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष का चुनाव आयोग तक प्रोटेस्ट मार्च

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी पार्टियों के सांसद चुनाव आयोग तक मार्च निकाल रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के सांसद संसद भवन के मकर द्वार पर मौजूद हैं। यह मार्च एसआईआर प्रक्रिया और राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर किया जा रहा है। वहीं मार्च के शुरू होते ही दिल्ली पुलिस ने मार्च को रोक दिया है।

विपक्षी सांसदों ने बीते दिन ही इस मार्च का ऐलान किया था। हालांकि, दिल्ली पुलिस से इस मार्च इजाजत नहीं मिली थी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि विपक्षी दलों की तरफ से इस मार्च की इजाजत नहीं मांगी गई है। सांसदों का मार्च चुनाव आयोग के लिए रवाना हो गया है, लेकिन रास्ते में सुरक्षा को पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस की टीम सड़कों पर मौजूद है। राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च में देखा जा रहा है कि सभी



विपक्षी दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया है। कांग्रेस समेत, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, डीएमके के अलावा कई अन्य दल भी इसमें शामिल हैं। मार्च में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल हुई हैं। इस मार्च में दोनों सदनों के सांसद शामिल हुए हैं।

मार्च में देखा जा रहा है कि राहुल गांधी आगे-आगे हैं, और उनके साथ अन्य सांसदों ने हाथों में तख्तियां लिए हुए हैं, जिसमें "एसआईआर लोकतंत्र पर हमला है" लिका है और साथ ही 'वोट चोरी' का कथित लोगो भी लगा है।

**लोकसभा की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित**

मतदाता सूची के मुद्दे पर जारी विवाद को लेकर विपक्ष ने सदन में जमकर नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी।

समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने इंडी ब्लॉक के सांसदों द्वारा संसद से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च करने पर कहा, 'दिल्ली की सड़कों पर घूमने के लिए संसद सदस्यों को किसी की इजाजत की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर संसद सदस्यों के घूमने से खतरा है तो फिर सारी व्यवस्था खराब है।

## सांसदों को लेकर जा रहे एयर इंडिया के विमान में आई खराबी, चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक विमान को रविवार रात चेन्नई भेजा गया। एयरलाइंस की ओर से इसकी वजह तकनीकी गड़बड़ी और खराब मौसम बताया गया है। एयरबस ए320 विमान द्वारा संचालित उड़ान संख्या एआई2455 दो घंटे से ज्यादा समय तक हवा में रही। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 10 अगस्त को तिरुवनंतपुरम से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एआई2455 के




चालक दल ने संदिग्ध तकनीकी दिक्कत और मार्ग में खराब मौसम के कारण विमान को एहतियातन चेन्नई की ओर मोड़ दिया। विमान ने रात 8 बजे के बाद तिरुवनंतपुरम से उड़ान भरी और रात लगभग 10.35 बजे चेन्नई पहुंचा। बता दें कि इस विमान में 5 सांसद- केसी वेणुगोपाल, कोडिक्कुनिल सुरेश, अडूर प्रकाश, के. राधाकृष्णन और रॉबर्ट ब्रूस दिल्ली जा रहे थे। लैंडिंग के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस घटना को एक बड़ी दुर्घटना से 'बाल-बाल बचने जैसा बताया।

## श्रावस्ती में ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में मारी टक्कर, चार की मौत

**श्रावस्ती।** यूपी के श्रावस्ती में सोमवार सुबह-सुबह भीषण हादसा हो गया। ट्रैक्टर ट्राली से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दंपती और दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए हैं। मामला हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के रहमतू गांव के पास का है। सभी को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। फिलहाल मृत





# यूपी-बिहार में बाढ़ के हालात, 10 लाख लोग प्रभावित

## हिमाचल में 360 से ज्यादा सड़कें बंद, उत्तराखंड में 1000 लोगों का रेस्क्यू





**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में तेज बारिश के कारण बाढ़ के हालात हैं। बिहार के 7 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 10 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत बिहार की 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। पटना जिले की 24 पंचायतें भी बाढ़ से घिरी हैं।

उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां-नाले उफान पर हैं। मुरादाबाद में रामगंगा नदी उफान पर है। रविवार को एक बाइक सवार इसमें बह गया और फिर 22 घंटे तक एक पेड़ पर बैठा रहा। बाद में उसका रेस्क्यू हुआ। पिछले 24 घंटे में यूपी के 54 जिलों में 5.9 मिमी बारिश हुई। मध्य प्रदेश में बीते कुछ दिनों से बारिश बंद थी। पिछले दो दिन से मौसम में बदलाव हुआ है। बंगाल की खाड़ी में 13 अगस्त से लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव होगा। इससे पूरे प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होगा। अभी कुछ ही जिलों में बारिश हो रही है।

हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश के हुई लैंडस्लाइड के बाद ठल-305 का औट-सैंज मार्ग बंद है। राज्य की 360 से ज्यादा सड़कों पर यातायात बाधित है। मानसून से जुड़ी घटनाओं में इस सीजन अब तक 116 लोगों की मौत हो चुकी है। 37 लोग अभी भी लापता हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में रविवार को 20 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करके मातली हेलीपैड लाया गया। धराली और हर्षिल में लोगों को भोजन-पानी पहुंचाया जा रहा है। यहां रेस्क्यू जारी है। लोगों को तलाशा जा रहा है। अब तक 1 हजार लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश में हो रही मानसूनी बारिश पिछले दो दिनों में कमजोर होकर पश्चिमी-तराई इलाकों तक सिमट गई है। सोमवार को प्रदेश में कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी के ही आसार हैं। शनिवार व रविवार को शामली, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में छिटपुट बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में मंगलवार की देर शाम से एक बार फिर मानसूनी बारिश जोर पकड़ेगी।

13 से 15 अगस्त के बीच प्रदेश के पूर्वी-पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश के संकेत हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र अमौसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में एक नया वेदर सिस्टम बन रहा है। इसके असर से खाड़ी से पूर्वा हवाएं पर्याप्त मात्रा में नमी लेकर पूर्वी यूपी में प्रवेश करेंगी और पूर्वी यूपी से शुरू होकर पूरे प्रदेश में दोबारा अच्छी बारिश की परिस्थितियां बनेंगी।

**ये जिले बाढ़ से हैं प्रभावित**

अयोध्या, बहराइच, बाराबंकी, बस्ती, कासगंज, हरदोई, मुरादाबाद, मुजफ्फनगर, शाहजहांपुर, भदोही, श्रावस्ती, उन्नाव, फरुखांबाद, मेरठ, हापुड़, गोरखपुर, गोंडा, बिजनौर, बदायूं, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर।

# राखी बंधवाने के बाद बहन की दर्दनाक हत्या

## दो दिन पहले उसके प्रेमी का भी किया मर्डर



**झांसी।** सनसनीखेज मामला सामने आया है। बहन के प्रेम संबंध से नाराज भाई ने रक्षाबंधन के दिन राखी बंधवाने के बाद दोस्त के साथ मिलकर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। उसने दो दिन पहले बहन के प्रेमी की भी हत्या कर दी थी। पिता की तहरीर पर आरोपी और उसके दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यह सनसनीखेज वारदात गरौठा थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अरविंद ने शनिवार को अपनी बहन से राखी बंधवाई थी। इसके बाद वह अपनी बहन पुच्चू (18) को घूमाने के बहाने घर से बाहर ले गया। उसके साथ उसका दोस्त प्रकाश भी था।

दोनों ने पहले पुच्चू के बाल काट दिए। इसके बाद उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी और खदान में शव फेंककर भाग गए। रविवार सुबह उसका शव उतराता मिलने पर गांव में सनसनी फैल गई। युवती के पिता पप्पू अहिरवार ने अपने बेटे और उसके दोस्त पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने बताया कि आठ अगस्त को अरविंद ने टहरौली जाकर बहन के प्रेमी विशाल को धोखे से बुलाकर हत्या कर दी थी। उसका शव धसान नदी के पास से मिला था। इस मामले की अभी जांच चल रही थी। युवती की हत्या के बाद यह आशंका पुष्ट हो गई है कि अरविंद ने ही विशाल को मारा था।

परिजनों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पुच्चू के प्रेम संबंध टहरौली निवासी विशाल से थे। इस बात से अरविंद बहुत नाराज था। सात अगस्त को वह पुणे से झांसी आया था।

**जिस हाथ पर बांधी थी राखी, उसी से घोंट दिया गला**

हत्या के आरोपी भाई अरविंद अहिरवार अपनी कलाई पर बंधी राखी का भी मान नहीं रख सका। छोटी बहन ने कुछ देर पहले ही उस कलाई पर नेह के धागे बांधे थे। उससे अपनी रक्षा का वचन लिया था लेकिन झूठी आन की खातिर भाई ने अपना वचन नहीं निभाया।

# मेरठ साउथ स्टेशन की लिफ्ट में फंसे आठ यात्री, हालत बिगड़ी



**मेरठ।** परतापुर के मेरठ साउथ रैपिड स्टेशन पर रविवार शाम तकनीकी खराबी के चलते आठ लोग लिफ्ट में फंस गए जिससे बच्चों और महिलाओ सहित आठ लोगों की हालत खराब हो गई। लोगों ने लिफ्ट मे लिखे कंट्रोल रूम का नंबर मिलाया और सीसीटीवी कैमरे में इशारा किया लेकिन कोई सहायता नहीं मिली इसके बाद 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस मे लिफ्ट को खोलकर सभी को बाहर निकाला। एक युवक को गंभीर हालत में सुभारती अस्पताल भर्ती कराया गया है।

दिल्ली के रोहिणी निवासी रुबीना जफर, गाजियाबाद विजय नगर निवासी ज्योति व उसकी बहन संगीता, दिल्ली गेट निवासी कोमल 10 वर्षीय बेटी वृंदा और 1 वर्षीय बेटी काव्या, कैलाशपुरी निवासी संजीव कुशवाहा अपनी दो वर्षीय बेटा रूही के साथ मेरठ साउथ स्टेशन की लिफ्ट से रैपिड स्टेशन जा रहे थे। जैसे ही लिफ्ट चली तो कुछ दूर जाने के बाद रुक गई रुबीना जफर ने बताया कि अचानक से लिफ्ट रुक गई और उसके किसी बटन ने काम करना बंद कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में भी बचाने के लिए काफी इशारे किए लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला।

अंदर सभी का दम घुट रहा था किसी तरह उन्होंने अपने भाई नबील और 112 पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लिफ्ट को चालू कर नीचे उतरा और सभी को बाहर निकाला। इस दौरान दम घुटने से सभी की हालत बिगड़ी रही। संजीव कुशवाहा लिफ्ट से निकलने के बाद बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। एंबुलेंस के द्वारा उसे सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गाजा हमले में मारे गए अल जजीरा के 5 पत्रकार

**तेल अवीव।** इजरायल लगातार गाजा पट्टी पर हमले कर रहा है। इजरायली हमले में अल जजीरा न्यूज चैनल के 5 पत्रकार भी मार दिए गए। इसकी पुष्टि खुद अल जजीरा ने की है। गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के पास इजरायली हमले में अल जजीरा के ये 5 पत्रकार मारे गए हैं। प्रसारणकर्ता के अनुसार, मारे गए पत्रकारों में अल जजीरा के संवाददाता अनस अल-शरीफ और मोहम्मद करीकेह, साथ ही कैमरामैन इब्राहिम जहीर, मोअमेन अलीवा और मोहम्मद नौफल भी शामिल हैं। अल जजीरा ने बताया कि वे उन लोगों में शामिल थे, जो अल-शिफा अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर प्रेस के लिए लगे एक तंबू में रह रहे थे।

# तुर्किये में आए भूकंप से मची तबाही, एक शख्स की मौत, ताश के पत्तों की तरह ढह गई इमारतें



**तुर्की।** उत्तर-पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में रविवार की शाम 6.1 तीव्रता का भूकंप आया जिसमें बड़ी तबाही मची है। जानकारी के मुताबिक भूकंप से कई इमारतें ढह गईं और एक व्यक्ति की मौत हो गई। तुर्की के गृह मंत्री ने बताया कि भूकंप के केंद्र सिंदिरगी शहर में मलबे से निकाले जाने के कुछ ही देर बाद 81 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटकों के कारण 16 इमारतें ढह गईं और 29 लोग घायल हो गए हैं। तुर्की की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार लगभग 19:53 बजे (16:53 ग्रटळ) दर्ज किया गया और इसके झटके इस्तांबुल तक महसूस किए गए। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने एक बयान जारी कर प्रभावित सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि सभी राहत प्रयासों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने एक्स पर लिखा ईश्वर हमारे देश को किसी भी प्रकार की आपदा से बचाए। खोज और बचाव अभियान अब समाप्त हो गया है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nniindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
सोमवार, 11 अगस्त, 2025



# जन्मोत्सव पर 221 किलो चांदी, मेघधनु पोषाक धारण करेंगे ठाकुरजी

एनएनआई

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी शुरू हो गई हैं। रजत मंडित गर्भ गृह की छटा निराली होगी। भगवान का 5252 वां जन्मोत्सव विशिष्ट होगा। सज्जा नयनाभिराम होगी। ठाकुरजी सिंदूर पुष्प बंगले में विराजमान होंगे। सिंदूरी रंग से पुष्प बंगला सजाया जाएगा।

ठाकुरजी मेघधनु (इंद्रधनुषी रंग) पोशाक धारण करेंगे। सनातन मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया जाएगा। रजत सूप में विराजमान होकर श्री विग्रह अभिषेक स्थल पर पधारेगा। स्वर्ण मंडित रजत कामधेनु स्वरूपा दिव्य गो प्रतिमा से ठाकुरजी का अभिषेक किया जाएगा। सुबह 5.30 बजे से रात 1.30 बजे तक ठाकुरजी जन्मस्थान में प्रवेश कर सकेंगे। 15 अगस्त को शाम छह बजे पोशाक ठाकुरजी को अर्पित की जाएंगी।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने विश्राम गृह के भोजनालय परिश्रम में पत्रकारों को बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर विराजमान केशवदेवजी, मां योगमाया, श्रीगर्भ गृह, श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार मंदिर में जन्माभिषेक व आरती के दर्शन होंगे। श्रृंगार, रत्नजड़ित मुकुट, बांसुरी, नवरत्न जड़ित कंठा ठाकुरजी धारण करेंगे। भगवती योगमाया दिव्य स्वर्ण मुकुट धारण करेंगी। ठाकुरजी मेघधनु (इंद्रधनुषी रंग की) पोशाक धारण करेंगे।



**कंस कारागार के श्रीगर्भ गृह का 221 किलोग्राम चांदी से निखारा जाएगा स्वरूप**

ठाकुरजी की पोशाक में नाम के अनुरूप इंद्रधनुष के सात रंगों का प्रयोग रेशम, जरी, रत्नों के रूप में किया गया है। छह माह में पोशाक तैयार हुई है। कंस कारागार के रूप में प्रसिद्ध श्रीगर्भ गृह 221 किलोग्राम चांदी से निखारा जाएगा। रजत मंडित गर्भ गृह में पुष्प बंगला बनेगा। मां योगमाया मंदिर में सिंहासन, अस्त्र-शस्त्र, पादुकाएं लगभग 51 किलोग्राम चांदी से तैयार कराई गई हैं। भगवान श्रीकृष्ण सिंदूर पुष्प बंगला में विराजमान होंगे। इस बार जन्मोत्सव पर आपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई देगी।

**51 किलो चांदी से योगमाया मंदिर में सिंहासन, अस्त्र-शस्त्र, पादुकाओं बनेंगी**

वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया छह अगस्त को मंगला आरती सुबह 5.30 बजे, आठ बजे पंचामृत अभिषेक, नौ बजे पुष्पांजलि भागवत भवन में होगी।

सामाजिक एकता व सनातन मूल्यों की रक्षा का संकल्प कृष्ण भक्त लेंगे।

**14 से 18 अगस्त तक शाम सात बजे से रात 10 बजे तक लीलाएं होंगी।**

15 से 17 अगस्त तक सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन गायन होगा।

भगवान को लड्डू, मेवा, पाग का भोग लगाया जाएगा।

जन्मस्थान के प्रमुख संपर्क मार्ग पर जूताघर व सामान घर रहेगा।

रूपम सिनेमा, श्री गर्तेश्वर मंदिर के निकट, राधापार्क में सामान घर बनेगा।

श्रद्धालुओं का प्रवेश गेट नंबर तीन गोविंद द्वार से होगा और निकास मुख्य द्वार गेट नंबर एक से होगा।

श्रद्धालुओं का प्रवेश सुबह 5.30 बजे से रात 1.30 बजे तक होगा।

यह न लाएं साथ

श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर प्रवेश करते समय मोबाइल, फोन, कैमरा, रिंग, थैला, माचिस, सिगरेट, तंबाकू, चाकू, ब्लेड न लाएं। अपने वाहन, ठहरने के स्थान पर ही सामान छोड़कर आएं।

### 16 अगस्त को यह रहेगा महोत्सव का कार्यक्रम

रात 11 बजे-श्री गणपति व नवग्रह स्थापना पूजन

रात 11.55 बजे तक- सहस्त्रार्चन

रात 11.59 बजे-प्राकट्य दर्शन को पट बंद

रात 12 बजे से रात 12.10 बजे तक- प्राकट्य दर्शन-आरती

रात 12.10 बजे से रात 12.25 बजे तक- महाभिषेक

रात 12.25 बजे से रात 12.50 तक- रजत कमल पुष्प में विराजमान ठाकुरजी का जन्म महाभिषेक

रात 12.45 बजे से रात 12.50 तक-श्रृंगार आरती

रात 1.55 बजे से रात दो बजे तक-शयन आरती



## एक ही परिवार के नौ सदस्य दबकर घायल, भरभराकर गिरी दीवार

### कच्चे घर के लिए आफत बनी बारिश

एनएनआई

**मथुरा।** लगातार हो रही वर्षा ने ग्रामीण इलाकों में पुराने और जर्जर मकानों की हालत को और खराब कर दिया है। रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे मांट के गांव अरुआ में एक कच्चा मकान अचानक ढह गया। मलबे में एक ही परिवार के नौ लोग दबकर गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। लोगों व पुलिस ने आधे घंटे रेस्क्यू करके सभी को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

मांट के गांव अरुआ में भूरा अपने परिवार के साथ घर के अंदर बैठा था। बाहर वर्षा हो रही थी। सभी लोग एक साथ कमरे में बैठे थे। तभी अचानक मकान की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। इससे सभी लोग मलबे के नीचे दब गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस को सूचना देकर लोगों ने रेस्क्यू शुरू किया।

करीब आधे घंटे में मलबे में दबे मकान मालिक भूरा, उनकी पत्नी राधा, बेटियां प्राची, भूरी, बेटा चिराग और गीता गंभीर घायल हो गए। घटना के समय भूरा का जीजा अजय, बहन पूजा और पूजा की बेटी वैष्णवी भी वहीं मौजूद थी, जो दीवार की चपेट में आकर घायल हो गए। मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# एंबुलेंस ने बाइक को मारी टक्कर

### पत्नी की मौत, पति घायल, दोनों अस्पताल में करते थे नौकरी

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क हादसा हुआ। थाना नसीरपुर क्षेत्र के 54-800 पर एक प्राइवेट एम्बुलेंस ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठी पत्नी पूजा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति विकास गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल पति विकास ने बताया कि उनकी पत्नी स्टाफ नर्स थी, जबकि वह भी प्राइवेट अस्पताल में सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। वह दोनों ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। यूपीडा एम्बुलेंस ने घायल विकास को तुरंत



अस्पताल भेज दिया। मृतक पूजा के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉच्युरी भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दंपती गांव मधुपुरी, थाना एलाऊ, मैनपुरी से मथुरा जा रहे थे जब यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और एम्बुलेंस चालक की तलाश जारी है। इंस्पेक्टर नसीरपुर का कहना है कि घायल पति को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। शव को मॉच्युरी पर रखवाया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# वृद्ध से 46 लाख की साइबर ठगी

एनएनआई

**हाथरस।** एक वृद्ध साइबर ठगी के शिकार हो गए। ठगों ने बीमा पॉलिसी के पैसे वापस दिलाने के नाम पर उनसे 46 लाख रुपए हड़प लिए। शहर के मोहल्ला भूरापीर गली नंबर तीन निवासी मनोज कुमार जैन ने विभिन्न कंपनियों से बीमा पॉलिसियां ली थीं। उन्होंने रिलायंस बीमा से तीन, कोटक महिंद्रा से दो और बिरला सनलाइफ से दो पॉलिसी कराई थीं।

अगस्त 2023 में एक व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर फोन किया। उसने खुद को कंपनी का सीईओ और फाउंडर बताया। उसने कहा कि जैन द्वारा बीमा कंपनियों में जमा किए गए लगभग 18 लाख रुपए वापस दिला देगा। इसके लिए कुछ फीस जमा करानी होगी, जो बाद में वापस मिल जाएगी। इसके बाद प्रिया सिंह नाम की कथित कस्टमर रिलेशन ऑफिसर का फोन आया। उसके कहने पर वृद्ध ने रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 15,500 रुपए पंजाब नेशनल बैंक के खाते में ट्रांसफर किए। 16 अक्टूबर 2023 को वेरीफिकेशन के नाम पर 37,415 रुपए जमा कराए गए। 19 अक्टूबर को पॉलिसी फंड 19,59,780 रुपए बताते हुए हैंडलिंग चार्जेज के 89,000 रुपए मांगे गए।

वृद्ध ने खाते से आरटीजीएस कर दिए। इसके बाद 21 अक्टूबर को 49,000 रुपए पॉलिसी प्रीमियम के नाम पर जमा कराए गए। 7 नवंबर को 1,27,073 रुपए की मांग की गई। इसमें से 72,073 रुपए मानवी विपिन भाई के खाते में और 55,000 रुपए शैलेष के खाते में अलग-अलग जमा किए गए। 20 नवंबर को 41,000 रुपए कैलाश के खाते में, 21 नवंबर को 43,073 रुपए शैलेष के खाते में और 43,000 रुपए कैलाश के खाते में जमा कराए गए। इसी तरह अलग-अलग तिथियों पर पॉलिसी सेटलमेंट के नाम पर कुल 46 लाख रुपए ठग लिए गए।

ठगों ने फिर से 5,23,000 रुपए की और मांग की। एक नए नंबर से फोन आने लगा और जल्दी से जल्दी पैसे जमा करने का दबाव बनाया गया। इस पर वृद्ध को शक हुआ और पूरा मामला समझ में आ गया। उन्होंने इस मामले से साइबर थाना पुलिस को अवगत कराया। उनकी शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

newsnextindia1@gmail.com
हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया




# डराने लगा कालिंदी का शबाब

## यमुना का जलस्तर पहुंचा खतरे के निशान के नजदीक
## नदी किनारे बसे 40 गांवों में जारी किया गया अलर्ट

एनएनआई

**आगरा।** कालिंदी अपने पूरे शबाब पर आ गई है। इसके चलते यमुना की तलहटी किनारे बसी आबादी पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

गोकुल बैराज से रविवार शाम सात बजे 75 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से यमुना में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। वाटर वर्क्स पर रविवार शाम सात बजे यमुना खतरे के निशान से एक फुट नीचे बह रही थी। न्यूनतम बाढ़ का चेतावनी स्तर 495 फीट है। जबकि यमुना का जलस्तर 494.30 फीट था। ऐसे में एहतियातन प्रशासन ने यमुना किनारे बसे 40 गांव में अलर्ट जारी किया है।

पहाड़ों पर लगातार बारिश से मथुरा और आगरा में यमुना उफान पर है। दिल्ली स्थित ओखला बैराज से यमुना में 28,091 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण कक्ष की रिपोर्ट के अनुसार आगरा में वाटर वर्क्स पर पिछले 24 घंटे में यमुना के जलस्तर में 1.8 फीट की वृद्धि दर्ज की गई है। शनिवार शाम सात बजे यमुना का जलस्तर 492.5 फीट था, जो रविवार शाम सात बजे यह 494.30 फीट पहुंच गया।

बल्केश्वर स्थित अनुराग नहर में रविवार रात को यमुना का पानी घुस गया। हालांकि, आबादी क्षेत्र प्रभावित नहीं है, लेकिन खेत-खलिहान पानी में डूब गए हैं। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि तटवर्ती इलाकों में चेतावनी जारी की गई है।





डीएम के अनुसार यमुना में बढ़ते जलस्तर के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग नदी में नहाने न जाएं। बचाव व राहत के लिए बाढ़ चौकियां सक्रिय कर दी गई हैं। डीएम ने बताया कि सोमवार को यमुना के निचले इलाकों में राजस्व टीम से सर्वे कराया जाएगा। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण हैं। उधर, यमुना में बाढ़ से करीब 40 गांव की 50 हजार से अधिक आबादी प्रभावित होती है। रुनकता, अकबरा, सिकंदरा, बाईपुर, खासपुर से लेकर ताजमहल की डाउन स्ट्रीम में बसे गांव में यमुना में बढ़ते जलस्तर से अफरातफरी शुरू हो गई है।

**15 साल पहले 499 फीट पहुंचा था जलस्तर**

2010 में यमुना में बाढ़ आ गई थी। दयालबाग व आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुस गया था। तब जलस्तर 499 फीट तक पहुंचा था। इसके अलावा 2023 में यमुना का जलस्तर 497 फीट तक पहुंच चुका है। तब, ताजमहल की दीवार तक पानी पहुंच गया था। इससे पहले 1978 में यमुना ने रौद्र रूप धारण किया था। तब यमुना का जलस्तर 508 फीट तक पहुंच गया था।

उफान के चलते बटेश्वर के घाट पर यमुना की लहरें विकराल हो गई हैं। उफान का पानी शिव मंदिर श्रृंखला के घाट को ठोकर मारने लगा है। उफनाई यमुना नदी में कूद कर स्नान की लापरवाही भारी पड़ सकती है। दर्शन पूजन को आने वाले श्रद्धालु घाट पर नदी के उफान का नजारा देखने से खुद को रोक नहीं पा रहे।

# नवजात को आसरे के लिए करना पड़ा घंटों इंतजार

## खंदौली क्षेत्र में सड़क किनारे मिली नवजात



एनएनआई

**आगरा।** अपना पाप छिपाने के लिए नन्हीं जान को अपनों ने ठुकरा दिया, लेकिन कुछ फरिश्ते उसे आसरा देने के लिए बेचैन हो गए। इसके बावजूद सरकारी सिस्टम ने बदनसीब को आसरे के लिए घंटों इतजार कराया।

खंदौली क्षेत्र में गांव बहरामपुर स्थित झरना नाले के पास रविवार शाम एक नवजात बच्ची सड़क किनारे कपड़ों में लिपटी मिली। ग्राम फाजिलपुर निवासी कुलदीप परमार का ध्यान उसके रोने की आवाज सुनकर गया। उन्होंने इसकी जानकारी डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। सीएचसी पर प्राथमिक जांच की गई। इसी बीच एक एंबुलेंस चालक ने ऑल यूपी एंबुलेंस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष रवि सिसोदिया को जानकारी दी। वह अपनी यूनियन के साथियों के साथ वहां पहुंच गए। इसके बाद बच्ची को एंबुलेंस से आगरा लेकर आए।

सिसोदिया ने बताया कि उन्होंने बच्ची को भर्ती कराने के लिए सीएमओ कार्यालय से बात की तो वहां से डीपीओ का नंबर मिला। वहां बात की तो उन्होंने कहा कि सुबह मामला देखेंगे। फिर एसएन के प्रिंसिपल कोकॉल किया तो उन्होंने कहाकि ऐसे मामले डीपीओ के जरिए ही लेते हैं। इसके लिए प्रक्रिया का पालन होता है। सिसोदिया ने दोबारा डीपीओ को फोन किया तो फिर सुबह की बात दोहराई। इसके बाद उन्होंने चाइल्ड केयर हेल्पलाइन को फोन किया। वहां से भी यही कहा गया कि डीपीओ से बात करें।

इतनी जगह कॉल करने के बाद फिर डीएम के स्टेनो को फोन कर बच्ची को तत्काल भर्ती कराने के लिए कहा गया। उन्होंने एसएनएमसी के प्रिंसिपल से बात की। इसके बाद रात करीब साढ़े नौ बजे बाल रोग विभाग में बच्ची को भर्ती किया गया। चिकित्सक के अनुसार बच्ची की हालत स्थिर है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# रंगबाज दीपक कंजड़ गिरफ्तार, नुनिहाई से पुलिस ने दबोचा

- टैंट व्यवसायी से वसूलता था रंगदारी
- न देने पर की थी मारपीट, जान से मारने की धमकी

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला पुलिस ने रंगदारी न देने पर टैंट व्यवसायी से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी दीपक कंजड़ पुत्र लाखन सिंह निवासी कृष्णा कालोनी जीवनी मंडी को मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस कालोनी नुनिहाई से गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि दीपक कंजड़ अपने साथियों के साथ टैंट व्यवसायी को डरा-धमकाकर 15 हजार रुपए महीने की चौथ वसूली करता था। न देने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देता था। टैंट व्यवसायी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दीपक कंजड़ को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके



अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके कब्जे से चौथ वसूली के तीन हजार नकद बरामद किए गए हैं। रंगबाज को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक एत्माद्दौला देवेन्द्र कुमार दुबे, उपनिरीक्षक मोहित कुमार मलिक, वासुदेव सिंह, प्रदीप कुमार और हैड कांस्टेबल रविकांत शामिल रहे।

# अपना घर खरीदना होगा महंगा, 40 फीसदी तक बढ़ेंगे रेट

**आगरा एनएनआई।** कोई नई संपत्ति खरीदने जा रहे हैं, तो सतर्क हो जाए। नए सर्किल रेट 12 अगस्त से लागू हो सकते हैं। तब संपत्ति खरीदना महंगा हो जाएगा। आपत्तियों और सुझावों के बाद संशोधित सर्किल रेट की लिस्ट तैयार हो गई है। इस पर सोमवार को बैठक होगी। जिले में आठ साल बाद सर्किल रेट बढ़ने जा रहे है। आखिरी बार 2017 में बढ़े थे। इसके बाद वर्ष 2025-26 के लिए जिला प्रशासन ने सर्किल रेट का सर्वे कराया। उप निबंधक और राजस्व टीम का सर्वे करने के बाद बाजार मूल्य के आधार पर नए रेट का निर्धारण हुआ है। पांच श्रेणी में सर्किल रेट में वृद्धि की गई है। आवासीय नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र की दरों में 30 से 35 फीसदी, व्यवसायिक संपत्तियों पर 30 से 35 फीसदी से अधिक स्टांप शुल्क देना पड़ेगा। सेगमेंट की दरों में 40 से 50 फीसदी तक और नव विकसित क्षेत्रों में 25 से 30 फीसदी तक वृद्धि हो सकती है।

# पैर पसार रहा डेंगू

- आगरा में चार दिन में दो लड़कियों की बुखार से मौत
- स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर, 28 में पाए लक्षण



एनएनआई

**आगरा।** बारिश का सीजन में डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगा है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में डेंगू के संभावित लक्षणों वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सरकारी आंकड़ों में भी डेंगू के मरीजों की संख्या दो दर्जन से अधिक हो गई है। कई मरीजों का स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ने, प्लेटलेट्स काउंट कम होने पर उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती भी रखना पड़ रहा है। मच्छर जनित डेंगू का खौफ बढ़ने लगा है।

शमसाबाद के ग्राम बड़ोवरा कला में चार दिन में पांच साल की बच्ची और एक किशोरी की बुखार से मौत हो गई। परिजन ने इनकी जांच निजी लैब में कराने की बात कही। बच्चियों की मौत पर सीएमओ पहुंचे और शिविर लगाकर मरीजों की जांच कराई। इसमें 28 में डेंगू के लक्षण मिले हैं। गांव के रामप्रकाश ने बताया कि बेटी अन्नु (5) को तीन दिन से बुखार आ रहा था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जांच कराई। रिपोर्ट आने पहले ही बच्ची की शुक्रवार को मौत हो गई। अब रिपोर्ट आई है, जिसमें डेंगू बताया गया।

इससे पहले इसी गांव के मुनिया जादौन की बेटी रागिनी (15) की 5 अगस्त को मौत हो गई थी। चार दिन में दो बच्चियों की मौत होने पर गांव में दहशत फैल गई। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में सर्वे कराने पर बुखार के 28 मरीज मिले हैं। डेंगू की आशंका पर नमूने लेकर जांच कराई जा रही है। मृतक दोनों बच्चों की जांच कहां हुई, क्या इलाज चला, इसकी जांच करा रहे हैं।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

सोमवार, 11 अगस्त, 2025



# 412.94 करोड़ से बुझेगी यमुना पार की प्यास

**स्थायी होगा जल संकट का समाधान, एत्मादपुर को भी 37.72 करोड़ की पेयजल योजना**



### एत्मादपुर को भी लाभ

अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत एत्मादपुर नगर पालिका के लिए 37 करोड़ 72 लाख रुपये की योजना स्वीकृत हुई है, जिससे 25 वार्डों की लगभग 30 हजार आबादी को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इसके तहत 2 ऊंचे जलाशय, 1 भूमिगत जलाशय, 62.70 किलोमीटर वितरण नेटवर्क और 7 हजार 7 घरों में पेयजल संयोजन बनाए जाएंगे।

### पोइया घाट पर एडवांस वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट

यमुना जल शुद्धिकरण के लिए पोइया घाट पर एडवांस वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में मूविंग बेड बायो रिएक्टर, अति सूक्ष्म छनन, प्रतिलोम परासरण और रोगाणुनाशक तकनीक का उपयोग होगा, जिससे पानी पूरी तरह पीने योग्य बनेगा।

एनएनआई

**आगरा।** वर्षों से जल संकट झेल रहे यमुना पार क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह के प्रयास से 412 करोड़ 94 लाख रुपये की आगरा पेयजल पुनर्गठन योजना (ट्रांस यमुना क्षेत्र-1 और 2) को स्वीकृति मिल गई है। इस योजना से लगभग दो लाख 75 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने बताया कि पहले चरण में 55 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का एडवांस वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, जल ग्रहण कूप, पहुंच सेतु और 700 मीटर कच्चा जल पंपन मुख्य पाइप का निर्माण होगा। दूसरे चरण में 11 ऊंचे जलाशय, 4 भूमिगत जलाशय, 268.79 किलोमीटर वितरण प्रणाली, 7.77 किलोमीटर पंपन मुख्य पाइप, 41.39 किलोमीटर फीडर पाइप और 55 हजार 881 घरों में पेयजल संयोजन शामिल हैं। कार्य 15 दिन में प्रारंभ हो जाएगा।

प्रेस वार्ता में महापौर हेमलता दिवाकर, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पार्षद गौरव शर्मा, प्रकाश केसवानी, मनीष अवस्थी, विजय वर्मा, गजेंद्र वर्मा, बनवारी लाल, प्रियंका अग्रवाल, सुनीता चौहान, मंगल सिंह चौहान, मनवीर सिंह चौहान, डॉ. रामनिवास मुद्गल, सुनील करमचंदानी, रोहित कत्याल और विक्रांत तिवारी उपस्थित रहे।

## रामनगर भुजरिया मेले का योगेंद्र उपाध्याय ने किया शुभारंभ

आगरा (एनएनआई)। रक्षाबंधन के अवसर पर रामनगर में आयोजित भुजरिया मेले का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर समाज सुधार समिति द्वारा कई वर्षों से आंबेडकर चौक, रामनगर शाहगंज पर आयोजित यह मेला हजारों क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति में सामाजिक समरसता का संदेश देता है। शुभारंभ अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों से युवा पीढ़ी को रूबरू कराते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार धार्मिक मान्यताओं के प्रोत्साहन और सामाजिक सद्भाव के लिए संकल्पित है। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. अलौकिक उपाध्याय, समिति सदस्य प्रताप सिंह मौर्य, नरेश कुमार राजौरिया, मनोज सोन, अचल सिंह, रामवीर कामत, उमेश जाटव, राकेश बाबू, शिवदत्त, भाजपा शिवाजी मंडल अध्यक्ष पं. देवेश पचौरी, उपेंद्र, विकास साहू, एलिस, रितेश, अविनाश भट्ट समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## वृद्धजनों के लिए ऑर्थोपेडिक सोसाइटी का निशुल्क चिकित्सा शिविर



आगरा (एनएनआई)। बोन एंड जॉइंट वीक के अंतिम दिन शनिवार को ऑर्थोपेडिक सोसाइटी ने सिकंदरा स्थित रामलाल वृद्ध आश्रम में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। शिविर में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञों ने वृद्धजनों की जांच कर उचित परामर्श दिया और दवाइयां वितरित कीं। अध्यक्ष डॉ. अतुल अग्रवाल, सचिव डॉ. अनुपम गुप्ता और कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव बोहरा ने बताया कि यह शिविर कैलाश मंदिर के समीप वृद्धजनों की सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि वृद्धजन सेवा का संकल्प पूरे वर्ष निभाया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. संजय चतुर्वेदी और डॉ. प्रभात कुमार सिंह भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान हड्डी रोग के कारण, बचाव और देखभाल संबंधी जानकारी भी दी गई, ताकि वरिष्ठ नागरिक स्वस्थ और सक्रिय रह सकें।

## फूलन देवी जयंती पर समाजवादियों ने दी श्रद्धांजलि



एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को पूर्व सांसद एवं सामाजिक न्याय की प्रतीक स्व. फूलन देवी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वतमान जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा और निर्वतमान महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार ने की। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि फूलन देवी की जीवन गाथा से अत्याचार और शोषण के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर समाज को जागरूक रहना चाहिए। भाजपा सरकार नारी सुरक्षा के मामले में विफल साबित हुई है। वर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को राजनीति में प्रवेश दिलाकर संसद तक पहुंचाया। निषाद समाज हमेशा नेताजी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन निर्वतमान जिला महासचिव सुरेंद्र चौधरी ने किया। इस मौके पर रामसहाय यादव, देवेंद्र यादव, पवन प्रजापति, बच्चू सिंह निषाद, तेजवीर बघेल, मधुकर अरोड़ा, शेलू यादव, अजयपाल सिंह राजपूत, भरत सिंह जाटव, बनवारी लाल वर्मा, गुड्डू दयाल वर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनकपुरी महोत्सव में इस बार सजेगा भव्य मिथिला महल

**शिवम पार्क में भूमि पूजन, 250 फुट लंबा और 125 फुट ऊंचा होगा मंच, 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था**



एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर के बी-ब्लॉक स्थित शिवम पार्क में जनकपुरी महोत्सव के लिए इस बार जनक महल की जगह भव्य मिथिला महल का निर्माण होगा। रविवार को भूमि पूजन समारोह में महोत्सव समिति व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्माण कार्य की शुरूआत हुई। निमार्ता राहुल गोयल (जॉनी भाई) और सचिन गोयल (लल्लू भाई) ने बताया कि आयरन स्ट्रक्चर पर 250 फुट लंबा और 125 फुट ऊंचा मुख्य मंच तैयार होगा। इसे वॉटरप्रूफ किया जाएगा, ताकि बारिश की बूँदें प्रभु स्वरूपों को न छू सकें। महल में खिड़की, दरवाजे और दरबारी स्वरूप के साथ 1500 से 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। कोलकाता के 70-80 कारीगर 35 दिन में इसे अंतिम रूप देंगे। परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, गमलों व फव्वारों से सजाया जाएगा। प्रवेश द्वार दो आकर्षक सिंहद्वारों के रूप में होंगे। भूमि पूजन पंडित राकेश गुरु व पंडित जवाहर जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। मुख्य यजमान राजा जनक राजेश अग्रवाल और रानी सुनयना अंजू अग्रवाल रहे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद नवीन जैन, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, महापौर हेमलता दिवाकर, उत्तर प्रदेश महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान समेत अनेक गणमान्य मौजूद रहे। महोत्सव समिति अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, संयोजक पंकज अग्रवाल सहित समिति पदाधिकारी व महिला समिति की सक्रिय सहभागिता रही। भूमि पूजन के बाद भगवान राम के जयकारों के साथ पहली बल्ली गाड़ी गई। इस बार का मिथिला महल अपनी भव्यता और कलात्मक सजावट से दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय सिंधी समाज संगठन महिला विंग के टीजड़ी पर्व में झलकी सिंधी संस्कृति

## रैंप वॉक, टीजड़ी क्वीन कॉन्टेस्ट संग हुई क्वीज

एनएनआई



**आगरा।** होटल एसएनजे ताज ग्रैंड में अंतर्राष्ट्रीय सिंधी समाज संगठन महिला विंग ने पारंपरिक उल्लास के साथ सिंधी त्योहार तीज (टीजड़ी) मनाया। यह पर्व विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और दांपत्य प्रेम के लिए मनाती हैं। देवी पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन की स्मृति में महिलाएं उपवास रखकर पूजा करती हैं। कार्यक्रम में टीजड़ी क्वीन कॉन्टेस्ट आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें रैंप वॉक, एक्टिविटी और सिंधी संस्कृति से जुड़े प्रश्नोत्तर हुए। निर्णायक के रूप में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर सपना मंगवानी और कोरियोग्राफर रोशनी गिडवानी रहीं। प्रतियोगिता में सानवी गिडवानी प्रथम, दीपिका छंगलानी द्वितीय और ज्योति चिबरानी तृतीय रहीं। विजेताओं को क्राउन और सेश पहनाकर सम्मानित किया गया। नेल आर्टिस्ट कशिश बूलचंदानी ने नेल आर्ट का प्रदर्शन कर महिलाओं को नेल टैटू लगाए। कार्यक्रम में सिंधी लाडा और लोकनृत्य में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पदमा कलवानी के लोकगीतों पर सभी थिरक उठीं। संस्था अध्यक्ष अंजू दियालानी ने सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। आयोजन में दिया सेवकानी, प्रीति नागदेव, पूजा सेवकानी, दिव्या सुमरानी सहित कई सदस्यों का योगदान रहा। संचालन डॉ. मनिंदर कौर, महक बूलचंदानी और जानवी करीरा ने किया।

## उस्मानी राष्ट्रीय मंच ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान



**आगरा (एनएनआई)।** खेरिया मोड़ स्थित मिलन वाटिका में उस्मानी राष्ट्रीय मंच ने मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य उस्मानी समाज के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना रहा। मंच पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह व प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं। समारोह में चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों का मानना है कि ऐसे प्रयासों से समाज में शिक्षा के महत्व को लेकर सकारात्मक माहौल बनता है। इस अवसर पर रिजवान उस्मानी, अजीज उस्मानी, शाकिर उस्मानी, सत्तार उस्मानी, अकबर उस्मानी, चंचल उस्मानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# भाविप अमृतम का पचमढ़ी धार्मिक एवं मनोरंजन टूर रवाना

एनएनआई



**आगरा।** भारत विकास परिषद अमृतम का धार्मिक और मनोरंजन से भरपूर टूर रविवार को पचमढ़ी के लिए रवाना हुआ। आगरा कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 से संरक्षक एवं टूर संयोजक आरएस गुप्ता, अध्यक्ष कुलभूषण अल्का गुप्ता (राम भाई) और सचिव राजीव प्रीति गोयल के नेतृत्व में लगभग 60 सदस्य श्रीघाम एक्सप्रेस से यात्रा पर निकले। अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा पचमढ़ी के धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद दिलाने के साथ-साथ सदस्यों के बीच सांस्कृतिक व सामाजिक जुड़ाव को भी मजबूत करेगी। प्रस्थान से पूर्व संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल ने सभी का तिलक कर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। आकर्षक स्वागत समारोह को देखने के लिए प्लेटफॉर्म पर मौजूद अन्य यात्री भी ठहर गए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मयंक साक्षी जैन, महिला सहभागिता उपाध्यक्ष रेखा राज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, पुरुषोत्तम मित्तल, राजीव गोयल, सुनील बंसल, नीरज अग्रवाल, राजीव गुप्ता, अभिषेक गोयल, विकास मित्तल, बृजेश कुमार सक्सेना, शैलेन्द्र अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, सतीश चंद अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, दिनेश पाल सिंह, राजेश अग्रवाल, संजीव गुप्ता, विजय कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, विमल नयन, नवल किशोर शर्मा, संजय अग्रवाल और सुनील कुमार सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ऑफ आकाश ने हरियाली तीज महोत्सव के साथ किया नए सत्र का आगाज

एनएनआई



**आगरा।** लायंस क्लब ऑफ आकाश के नए सत्र की पहली सभा होटल होलीडे इन में हरियाली तीज महोत्सव के रूप में उत्साहपूर्वक आयोजित हुई। अध्यक्ष अनिल वार्ष्णेय ने बताया कि क्लब सामाजिक सेवा में निरंतर सक्रिय है। क्लब ने राधा कृष्ण गोशाला, हाथरस रोड को गोद लिया है, जहां हर माह गोसेवा के लिए हरे चारे की दो ट्रॉलियां भेजी जाती हैं। इसके अलावा निर्धन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन सिलाई मशीनें वितरित करने की योजना है। सचिव अनुराधा गुप्ता ने बताया कि महोत्सव में मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे वितरित किए गए। कोषाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संचालन कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ मनोज गुप्ता ने किया। महिलाओं ने झूला झूलते और सावन-भादों के गीत गाते हुए नृत्य का आनंद लिया। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन पीएमजेएफ संजय गुप्ता, जोन चेयरपर्सन संजीव गुप्ता, नितिन अग्रवाल, सुनील शर्मा, गौरी शंकर गुप्ता, सुनील मोहन, दिनेश गुप्ता, वीके गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुधा गुप्ता, हंसा गुप्ता, सारिका अग्रवाल, योगिता अग्रवाल, सुमन यादव, नवनीत कौर और सुमन अग्रवाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# बीजेपी युवा मोर्चा ने किया ऐलान : आगरा में मुफ्त में दिखाएंगे 'उदयपुर फाइल्स'

एनएनआई



**आगरा।** उदयपुर कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' को लेकर बीजेपी युवा मोर्चा ने बड़ा कदम उठाया है। संगठन के अध्यक्ष शैलू पंडित और महामंत्री गौरव रजावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि फिल्म के टिकट आगरा के हर नागरिक को मुफ्त में उपलब्ध कराए जाएंगे। गौरव रजावत ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि 'उदयपुर फाइल्स' की सच्चाई हर आगरा वासी तक पहुंचे। यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का संदेश है। जब तक फिल्म आगरा में चलेगी, हम हर सिनेमाघर में फ्री टिकट बांटते रहेंगे। शैलू पंडित ने इसे समाज की छिपी सच्चाइयों को सामने लाने वाला साहसी प्रयास बताया। टिकट वितरण के लिए कई मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं, ताकि लोग सीधे संपर्क कर सकें। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज है-कुछ लोग इसे सच्चाई उजागर करने वाला कदम बता रहे हैं, तो कुछ सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाला। अब देखना होगा कि युवा मोर्चा की यह पहल लोगों को एकजुट करेगी या विवादों को और हवा देगी।

# झूलेलाल साईं के नाम मेहंदी महोत्सव, दाल-बाटी और डांडिया का लुत्फ




एनएनआई

**आगरा।** सिंधी महिला मित्र मंडल, ताजनगरी द्वारा झूलेलाल मंदिर, शहीद नगर में टीजड़ी पर्व के आगमन पर रंगारंग मेहंदी महोत्सव आयोजित किया गया। ईष्टदेव भगवान झूलेलाल की सरपरस्ती में हुए इस आयोजन में महिलाओं ने झूलेलाल साईं के नाम की मेहंदी रचाई। मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया, जिससे माहौल में उत्सव की रौनक छा गई। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने हाथों में खूबसूरत मेहंदी सजवाई, पारंपरिक सिंधी परिधानों में सजधजकर डांडिया डांस किया और दाल-बाटी के स्वाद का आनंद लिया। साईं के जयकारों और संगीत की धुनों ने माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। समाज सेविका चांदनी भोजवानी ने सभी को सांस्कृतिक उत्सव में भाग लेने पर बधाई दी और कहा कि सिंधी परंपरा को जीवंत रखना हम सबका दायित्व है। कार्यक्रम में पुरोहिता इंद्रा शर्मा, मीना मोडवानी, भारती, रेनू, सीमा खानचंदानी, कोमल नाजनानी, महक सुखानी, रिया, जया चेलानी, सोनिया, मोनिका, दिव्या, गीता, रेखा, उषा, भावना शर्मा सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

# विवि के 91वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे प्रो. (डॉ.) केजी सुरेश



**आगरा एनएनआई।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के 91वें दीक्षांत समारोह में प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। इस संबंध में कुलपति प्रो. आशु रानी के पत्र पर कार्यवाही करते हुए कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की है। प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश वर्तमान में इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली के निदेशक हैं तथा पूर्व में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति रह चुके हैं। विश्वविद्यालय परिवार ने इसे गौरवपूर्ण अवसर बताया है और समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं।



# भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सुनील बंसल का स्वागत

**आगरा एनएनआई।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के खेरागढ़ जाने के पूर्व खंदौली टोल पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के उपस्थिति में भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा आगरा महानगर के कार्यकताओं ने बड़ी माला एवं प्रभु श्री राम जी का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत में विधायक डॉक्टर धर्मपाल सिंह,जयवीर सिंह,हेमंत भोजवानी,महेश शर्मा आदि रहे।

# संत चिन्मयानंद जी की कथा के लिए शुरू हुआ प्रचार रथ

- बल्केश्वर पार्क में 22 अगस्त से करेंगे भागवत कथा के लोकप्रिय प्रसंगों का मार्मिक विवेचन
- 21 अगस्त को विशाल मंगल कलश यात्रा में शामिल होंगी 2100 महिलाएँ



एनएनआई

**आगरा।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट की आगरा इकाई द्वारा नंदोत्सव के पावन अवसर पर विश्व शांति, जन कल्याण एवं मानव सेवा को समर्पित श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन बल्केश्वर पार्क में 22 से 28 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय संत पूज्य चिन्मयानंद बापू हर दिन शाम को 3:00 बजे से 7:00 बजे तक भागवत कथा के विविध लोकप्रिय प्रसंगों का मार्मिक विवेचन कर भक्तों को सुखद और सफल जीवन जीने के मंत्र प्रदान करेंगे। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, माँ यमुना आरती व यमुना स्वच्छता, गौ माता पूजन, हर घर तुलसी व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित सामाजिक व राष्ट्रीय सरोकार वाले कार्यक्रम भी जनहित व देश हित में जारी रहेंगे।

इस दिव्य धार्मिक आयोजन से आगरावासियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के मनोभाव से रविवार को सुल्तानगंज पुलिया के निकट सेवा भवन से आयोजक समाजसेवियों द्वारा सुमधुर भजनों की स्वर लहरियों और प्रभु के जयकारों के मध्य प्रथम प्रचार रथ का शुभारंभ किया गया। विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी समाजसेवी पार्षद मुरारी लाल गोयल, ट्रस्टी श्रीमती सुमन गोयल और मुख्य यजमान सुगंधी परिवार से गोविंद सुगंधी, अमित सुगंधी, हिमांशु सुगंधी और आशीष सुगंधी ने सनातन धर्म की ध्वजा पताका दिखाकर पहले प्रचार रथ का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्य संरक्षक, मार्गदर्शक व प्रखर समाजसेवी डॉ. विजय किशोर बंसल ने बताया कि इसके बाद चार और प्रचार रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शुरू किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक शहरवासी पूज्य बापू के श्री मुख से कथा श्रवण के पुण्य लाभ के साथ-साथ हर दिन होने वाले मानव सेवा के यज्ञ में भी अपनी आहुति प्रदान कर सकें। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के निमित्त 21 अगस्त को 2100 महिलाएँ प्रातः बेला में महालक्ष्मी मंदिर बल्केश्वर से बल्केश्वर पार्क स्थित कथा स्थल तक विशाल और भव्य मंगल कलश यात्रा में सहभागिता करेंगी। उन्होंने आगरावासियों से अपील की है कि वे इस दिव्य धार्मिक आयोजन से जुड़कर भागवत कथा का नित्य श्रवण करें और अपने जीवन को सफल बनाएँ। समाजसेवी पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट वालों ने बताया कि मंगल कलश यात्रा में सहभागिता को इच्छुक माता बहिनें मोबाइल नंबर 9358399066 या 99274 56034 पर संपर्क कर सकती हैं।

इस अवसर पर पार्षद पूजा बंसल, तीरथ कुशवाह, भोलानाथ अग्रवाल, हरिओम गोयल, श्रीमती ममता सिंघल, गिर्राज बंसल, केएम सिंघल, राकेश गुप्ता, विजय वर्मा, रजनी गोयल, कुमकुम उपाध्याय, वीके मित्तल, मीरा कुशवाह, विनोद कुमार गोयल, उदयभान सिंह, डॉ. अजय अग्रवाल, आदर्श नंदन गुप्त, ईश्वर सेवकानी, अशोक सबनानी और अनामिका प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# द्वितीय ताईक्वाण्डो कप ओपन नेशनल चौंपियनशिप 29 अगस्त से

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी में खेल जगत के लिए ऐतिहासिक अवसर आने वाला है। द्वितीय आगरा ताईक्वाण्डो कप ओपन नेशनल चौंपियनशिप का 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक होटल चाणक्य, आगरा में होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता आगरा मंडल और उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित हो रही है, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की भागीदारी होगी। इस प्रतियोगिता आयोजन के लिए हाल ही में एशियन ताईक्वण्डो यूनियन की उपाध्यक्ष चुनी गयी नेसी अल हिंदी (जॉर्डन) द्वारा आयोजक



सचिव इरशाद खान को मेल द्वारा उक्त प्रतियोगिता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और इस आयोजन की सफल और उच्च स्तर पर आयोजित करने के लिए अपनी शुभकामनाओं के साथ खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य के लिए कामना व्यक्त की हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारत स्थित दक्षिण कोरिया दूतावास और कुक्कीवॉन (दक्षिण कोरिया) द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ उन्हें आगे बढ़ाने हेतु एवं ताइक्वांडो खेल को प्रमोट करने के उद्देश्य से पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है, उनकी अनुशंसा से ही 20 आगरा ताइक्वांडो कप ओपन नेशनल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आयोजन अध्यक्ष स्वाति रानी, आयोजन सचिव इरशाद खान हैं। प्रतियोगिता में फ्रेशर्स, सब जूनियर, कैडेट्स, जूनियर, सीनियर, (बालक एवं बालिका वर्ग) कैटेगरी रखी गई है। खिलाड़ियों के लिए होटल चाणक्य, आगरा में रहने, खाने और खेलने की एकीत सुविधा उपलब्ध होगी। प्रेस वार्ता में पुरूषोत्तम मयूरा, किशोरी लाल, सीनियर डांस कोरियोग्राफर रूपेश कुमार सोनी, जितेन्द्र कुमार, यासिर खान आदि मौजूद रहे।

# सूरसदन में हुआ प्रकृति बचाओ, जश्ने आजादी मनाओ कार्यक्रम



एनएनआई

**आगरा।** दावत ए इस्लामी इंडिया कल्याण विभाग द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक देशभर में लाखों लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। इसी के तहत सूरसदन में प्रकृति बचाओ प्रोग्राम हुआ।

कार्यक्रम में लोगो को ये बताया गया कि आज जिस तेजी से पौधे काटे जा रहे हैं, लेकिन उस तरह लग नहीं रहे हैं। आज जो ऑक्सीजन की कमी हो रही है उसमें इसकी एक बहुत बड़ी वजह पौधे न लगाना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रुकने हिंद मुशावरत हाजी जीशान अत्तरी साहब, ओर पौधारोपण के राष्ट्रीय अध्यक्ष ,आरिफ अत्तरी साहब मुंबई से आए ओर लोगों को बताया कि हमारी जिंदगी में पौधे क्यों जरूरी है और यौमे आजादी कैसे मनाए।

साथ में आगरा शहर के उलमा इकराम मोज्जाज लोग इस सिलसिले में आगरा मंडल निगरान रजा अत्तरी साहब भी मौजूद रहे हे ,समाजसेवी नजीर अहमद, चेयरमेन गुलाम मुहम्मद साहब, फैजल अत्तरी, एडवोकेट हाजी शानू , इमरान कुरैशी, शब्बीर अत्तरी दिल्ली,शहीद अत्तरी,आरिफ अत्तरी,शाहनवाज अत्तरी, इकबाल अत्तरी, दिलशाद अत्तरी, अफरोज अत्तरी,रिजवान मदनी,मसूद मदनी,हनीफ अत्तरी, समर अत्तरी, युनुस, आत्तरी नईम अत्तरी, अशफाक, फुरकान, आलीशान, जाकिर, ईमरान,आगरा शहर के तमाम मुबालिगिन ओर साथ देने वाले मौजूद रहे।

# कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई जाएगी दवा

एनएनआई

**आगरा।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा, जिसमें एक से 19 साल तक के लगभग 21 लाख बच्चों और किशोर-किशोरियों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इस दवा के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। कृमि संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखना, साफ पानी पीना और स्वच्छ भोजन करना भी आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर अभियान भी संचालित होगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक से 19 साल की उम्र के 21 लाख बच्चों व किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाएगी। 14 अगस्त को मॉपअप राउंड चलाया जाएगा, जिसमें दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को आच्छादित किया जाएगा।

सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हर साल दो बार पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाती है। पेट में कीड़े होने के चलते बच्चों-किशोरों में खून की कमी हो जाती है। दरअसल कीड़े पूरा पोषण खा जाते हैं और बच्चे कुपोषण के साथ ही एनीमिया का शिकार भी हो जाते हैं। कृमि के कारण बच्चों और किशोर-किशोरियों का मानसिक और शारीरिक विकास बाधित होता है। इसलिए बच्चों व किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की दवा अवश्य खिलाएं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि इस बार अभियान में 21 लाख बच्चों व किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा दी जाएगी।

# मगरमच्छ को बांधकर बाइक पर उठा ले गए तीन युवक

## मगरमच्छ ने झपट्टा मारा तो चाटे मारे; काली नदी में छोड़ा

**एटा एनएनआई।** जिले में कुछ लड़कों ने एक मगरमच्छ बोरवेल के गड्ढे से निकाला। मगरमच्छ काबू में नहीं आ रहा था, तो उसे थप्पड़ मारे। फिर रस्सी से बांधा और उसे कंधे पर लादकर बाइक तक ले गए।

इसके बाद 3 लड़कों ने उसे सीट पर अपने बीच में बैठाया और लेकर जाकर काली नदी में छोड़ दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला मिरहची थाना क्षेत्र के श्योराई गांव का है।

श्योराई गांव के अगरपुर में बोरवेल का करीब 10 फीट गहरा गड्ढा खुदा है। शनिवार को इसी गड्ढे में एक बकरी गिर गई थी। गांव के कुछ युवक बकरी को बाहर निकालने के लिए गड्ढे उतरे। वहां उन्हें एक मगरमच्छ बैठा दिखा। इसके बाद सभी बाहर भाग आए। फिर लड़कों ने शोर मचाकर गांववालों को बुला लिया।

इसके बाद गांव में रहने वाले रूप किशोर कुशवाहा, अनिल, रामबाबू , सुभाष और नीरज रस्सी-डंडा लेकर गड्ढे में उतर गए। बाहर तेजवीर, सतेंद्र कुमार, रुस्तम और शिवा समेत







तमाम युवक मदद के लिए जुट गए।

**तेजवीर बोले- पहले तो डरे, फिर हिम्मत से काम लिया**

गड्ढे में उतरने वालों में तेजवीर सिंह भी शामिल थे। वह बताते हैं- जब हम लोग बकरी को निकालने के लिए बोरवेल में उतरे, तो वहां पहले से एक मगरमच्छ बैठा था। वह हम लोगों पर झपट्टा मारने लगा। हम लोग किसी तरह उससे बचे। साथ ही ये देखकर पहले तो हम लोग डर भी गए। फिर हम लोगों ने हिम्मत से काम लिया। पहले काफी मशक्कत कर बकरी को निकालकर गड्ढे से बाहर ले आए। इसके बाद गांववालों को बुलाकर लाए। फिर हम लोगों ने पहले डंडे के सहारे पहले मगरमच्छ पर रस्सी फेंककर उसे लपेट लिया। कसकर रस्सी बांधने के बाद हमने गांव के लोगों के साथ मिलकर मगरमच्छ को घसीटकर बाहर निकाला।

**कंधे पर लादकर बाइक तक ले गए**

तेजवीर ने बताया- उसके बाद मैंने, रामबाबू और शिवा के साथ मगरमच्छ को पकड़कर अपने कंधे पर लादा। उसे बाइक तक ले जाने के लिए बढ़े, तो उसने हमारे ऊपर फिर से झपट्टा मारा। ये देखकर कई लोगों ने मगरमच्छ को थप्पड़ भी मारे।

फिर किसी तरह उसे पकड़कर बाइक तक लाए। इसके बाद 3 लोगों ने उसे बाइक पर लादा। उसे बीच में बिठाकर वहां से करीब 2 किमी दूर बह रही काली नदी तक ले गए। वहां मगरमच्छ की रस्सी खोलकर डंडे के सहारे उसे नदी में धक्का देकर गिरा दिया। जहां से वह पानी में तैरता हुआ चला गया।

## ज्ञान-वैराग्य और भक्ति की मूर्तिमान स्वरूप थीं ब्रह्मलीन साध्वी गोपीवाला मां



**वृन्दावन एनएनआई।** छटीकरा रोड़ स्थित श्रीकपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में प्रख्यात संत ब्रह्मलीन साध्वी गोपी वाला मां का त्रिदिवसीय तिरोभाव महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संतों व भक्तों के द्वारा ब्रह्मलीन साध्वी गोपी वाला मां के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही उनका पावन स्मरण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन में महामंडलेश्वर आदित्यानंद महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन साध्वी गोपीवाला मां ज्ञान-वैराग्य और भक्ति की मूर्तिमान स्वरूप थीं।वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि गोपी वाला मां त्याग-भक्ति-वैराग्य की प्रतिमूर्ति थीं।

प्रमुख समाजसेवी देवीसिंह कुंतल ने कहा कि साध्वी गोपीवाला मां को परम सिद्धि प्राप्त थी।वे अपने कमंडल के जल से अनेकों व्याधि से पीड़ित लोगों के तन पर छिड़क कर उनकी व्याधियों का हरण कर देती थीं। प्रमुख भाजपा नेता रामदेव सिंह भगौर ने कहा कि कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में मानव कल्याण के लिए यज्ञ के माध्यम से प्रतिदिन जन कल्याण व राष्ट्र कल्याण का कार्य किया जा रहा है।

महोत्सव में शुकाचार्य पीठाधीश्वर डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, स्वामी भुवनानन्द महाराज, भागवताचार्य साध्वी आशानन्द शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, रामप्रकाश सक्सेना, पप्पू सरदार, पुरुषोत्तम गौतम, राजू शर्मा, पवन गौतम, साध्वी नमिता साधिका, राजकुमार शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया। महोत्सव के अंतर्गत महामंडलेश्वरों, श्रीमहंतों व महंतों आदि का सम्मान किया गया।साथ ही संत,ब्रजवासी,वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

# हर घर तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का जोश

एनएनआई

**पिनाहट।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को पिनाहट क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साह और उमंग से भरी हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगे की शान और राष्ट्रप्रेम का संदेश देने वाली इस यात्रा की शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने गांव देवगढ़ से करकोली तक तीन किलोमीटर लंबे मार्ग पर रैली को हरी झंडी दिखाकर की।

यात्रा में पैदल, बाइक और अन्य वाहनों पर सवार कार्यकर्ता तिरंगे लहराते हुए गांव-गांव पहुंचे। देशभक्ति के नारों और गीतों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से 15 अगस्त को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया के साथ मुख्य अतिथि के रूप में राहुल चौधरी, नाथूराम वर्मा मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक प्रमुख सत्यवीर भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सतीश परिहार, मानवेन्द्र राठौर, लाल सिंह परिहार, प्रधान देवानंद परिहार और शिव कुमार शर्मा समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में देशप्रेम का अद्भुत माहौल देखने को मिला। वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों के बीच तिरंगे की महिमा का संदेश जन-जन तक पहुंचा।



## दो मोटरसाइकिल आमने-सामने टकराई, दो युवकों की गंभीर चोटें




**पिनाहट एनएनआई।** रविवार देर रात्रि लगभग 9 बजे पिनाहट ब्लॉक के करकोली गांव में दो मोटरसाइकिल आमने-सामने जोरदार टकरा गईं। इस दुर्घटना में शिव प्रताप (20) पुत्र धर्मवीर, निवासी सुननीपुर नगला खंगर, फिरोजाबाद और दिनेश (38) पुत्र नत्थीलाल सिंह, निवासी नगला दलेल, पिनाहट गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दोनों घायलों को पिनाहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने दोनों युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए आगरा हायर सेंटर में रेफर कर दिया।

# उफनाई गंगा ने हाईफ्लड लेवल को किया पार, दो कच्चे बांध कटे

एनएनआई

**कासगंज।** गंगा में कई दिनों से उफान बना हुआ है। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही बारिश के कारण गंगा में उफान आ गया। यह हाईफ्लड लेवल 162.94 मीटर के निशान को पार कर चुका है। चार दिन पहले से हरिद्वार और बिजनौर के बांधों से हाईफ्लड लेवल का पानी छोड़ा गया। यह पानी जिले की सीमा में गंगा में आ गया है। इससे उफनाई गंगा ने कछला ब्रिज के हाईफ्लड लेवल के निशान को पार कर दिया है।

उफनाई गंगा की धारा ने दतलाना व कादरगंज पर दो कच्चे बांधों को काट दिया। इससे पानी का फैलाव लगातार हो रहा है। पटियाली के 15 गांव सर्वाधिक प्रभावित हैं तो जिले के अन्य 20 से अधिक गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। गंगा की बाढ़ से गंगा के तटीय इलाकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीण फसलों की बर्बादी पर चिंतित हैं। सोरोंजी के लहरा की ओर से फैलता हुआ पानी लगातार दायरा बढ़ा रहा है। कई गांव बाढ़ की जद में आ गए हैं। यहां दतलाना पर एक कच्चा बांध कट गया है। दूसरे बांध पर पानी का दबाव बढ़ गया है। उढ़ेर बांध पर भी पानी लगातार बढ़ रहा है। पाठकपुर तक भी पानी की दस्तक हो गई है। वहीं, कादरगंज पर मनरेगा से बना कच्चा बांध भी दो स्थानों पर कट गया है। इससे बांध का पानी दूसरी ओर बहने लगा है। बांध की मरम्मत की कोशिशें लगातार की जा रही हैं। श्रमिक मिट्टी और रेत की बोरियां भरकर बांध की मरम्मत में जुटे हैं। उफनाती गंगा की धारा के दबाव के चलते यह कितना कारगर होगा कुछ कहा नहीं जा सकता। वहीं, पटियाली इलाके के 15 गांव की आबादी में पानी पहुंच चुका है।

## मकान के विवाद में राखी बंधवा कर लौट रहे युवक पर हमला

**बाह एनएनआई।** मढ़ेपुरा गांव में शनिवार की रात राखी बंधवा कर घर लौट रहे उमेश कुमार पर मौजीराम के परिवार ने लाठी, डंडों से हमला कर दिया। पहले जमीन पर गिरा कर लात, घूसों से पीटा था। बेटे को पिटता देख पिता रामफूल बचाने पहुंचे तो उनको भी पीट दिया। घायल पिता पुत्र का पुलिस ने मेडीकल कराया है। घायल उमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि ताऊ रामरूप का निधन हो गया है। उनके मकान को लेकर चाचा मौजीराम से विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद को लेकर हमला किया गया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए 4 लोग हिरासत में लिए हैं। घायलों का मेडीकल कराया है। इधर चित्राहाट के कटरा खिलावली में जमीन के विवाद में कुंवरपाल के साथ चचेरे भाइयों ने मारपीट कर दी। चित्राहाट पुलिस ने घायल कुंवरपाल का मेडीकल कराया है। मेडीकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संपादकीय

# वरिष्ठों को किनारे कर नई ओर तृणमूल कांग्रेस

पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर हलचल मच गई है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में कांग्रेस छोड़ कर उनके साथ आए तमाम पुराने नेता एक एक करके रिटायर हो रहे हैं या किनारे किए जा रहे हैं। ममता के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में नए नेता कमान संभाल रहे हैं। अभिषेक को लोकसभा में पार्टी का नेता बना दिया गया है। वे लोकसभा में भाजपा, कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बाद चौथी सबसे बड़ी पार्टी के नेता बन गए हैं। अभी तक सुदीप बंदोपाध्याय यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सेहत के हवाले उनको पद से हटा दिया गया है। अभिषेक के लोकसभा में नेता बनने के बाद दूसरा बड़ा बदलाव मुख्य सचेतक का हुआ। तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी थे। उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और उनकी जगह काकोली घोष दस्तीदार को मुख्य सचेतक बनाया गया है। कुछ दिन पहले ही उनको सांसदों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी दी गई थी। सुदीप बंधोपाध्याय लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे हैं इसलिए उनकी जगह तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी को लाया गया है। लेकिन कल्याण बनर्जी को अपना पद जिन परिस्थितियों में छोड़ना पड़ा है उसे महज संगठनात्मक फेरबदल नहीं माना जा सकता। दरअसल, यह बदलाव तृणमूल के भीतर चल रहे शक्ति संतुलन, आंतरिक खींचतान और आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की रणनीति से गहरे रूप से जुड़ा हुआ है। ध्यान रहे पार्टी के एक अन्य दिग्गज नेता मुकुल रॉय पहले ही रिटायर हो चुके हैं। वे थोड़े दिन के लिए भाजपा में भी गए थे लेकिन फिर तृणमूल कांग्रेस में लौट गए। पार्टी के सबसे बुजुर्ग नेताओं में से एक सौगत राय भी अब बहुत सक्रियता से संसदीय कामकाज में हिस्सा नहीं लेते हैं। दिनेश त्रिवेदी पहले ही पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं। सो, अब ममता की पार्टी अपेक्षाकृत युवा नेताओं के हाथ में है, जो अभिषेक के साथ चलेंगे। अभिषेक बनर्जी से लेकरर महुआ मोइत्रा तक नए नेता पार्टी की कमान संभाल रहे हैं। जहां तक तृणमूल कांग्रेस में अभिषेक बनर्जी के लगातार बढ़ते ग्राफ की बात है तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे पहले से ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं और अब संसद में भी उन्हें नेतृत्व सौंपने से संकेत साफ है कि टीएमसी नेतृत्व का उत्तराधिकार धीरे-धीरे उनके हाथों में केंद्रित हो रहा है। संसदीय दल का नेता बनाना केवल प्रतीकात्मक पद नहीं है, यह निर्णय केंद्रीय राजनीति में पार्टी की आवाज किसके माध्यम से पहुंचेगी, इसका स्पष्ट संकेत है।हाल ही में जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को विभिन्न देशों में देश का पक्ष रखने के लिए भेजा था तब सरकार ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से सांसद युसूफ पठान का नाम तय किया था लेकिन ममता बनर्जी ने इस पर आपत्ति जताते हुए उनकी जगह अभिषेक बनर्जी का नाम शामिल करवाया था और संदेश दिया था कि देश के स्तर पर हो या दुनिया के स्तर पर, तृणमूल का भावी चेहरा अभिषेक बनर्जी ही होंगे।अभिषेक बनर्जी को संसदीय दल की कमान सौंपना एक ओर तृणमूल की रणनीतिक चुस्ती और नेतृत्व सशक्तीकरण को दशार्ता है, तो दूसरी ओर यह सवाल भी खड़ा करता है कि क्या पार्टी के अंदर लोकतांत्रिक संवाद की जगह केंद्रीकरण ने ले ली है? देखा जाये तो यह बदलाव एक दोधारी तलवार की तरह है,जो पार्टी को अनुशासित भी कर सकता है और आंतरिक असंतोष को हवा भी दे सकता है। एक ओर कल्याण बनर्जी ने दावा किया कि उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है, लेकिन उन्होंने कथित तौर पर अपने करीबी सहयोगियों से कहा है कि उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है, खासकर कृष्णानगर की सांसद महुआ मोइत्रा के साथ महीनों तक चले तनाव और उससे पहले पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद के साथ तनाव के बीच। कल्याण बनर्जी ने अपने इस्तीफे से ठीक पहले एक्स पर एक लंबी पोस्ट में महुआ मोइत्रा पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि वह अपमानित महसूस कर रहे हैं कि अनुशासनहीनता और कम उपस्थिति के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने की बजाय पार्टी उन्हें ही दोषी ठहरा रही है। कल्याण बनर्जी पार्टी के पुराने और अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से वह अभिषेक बनर्जी की नई पीढ़ी की नेतृत्व शैली से असहज दिखते रहे हैं। अभिषेक ने महुआ मोइत्रा के पक्ष में संकेत दिया, जिससे कल्याण बनर्जी की स्थिति कमजोर हुई। इस विवाद के बाद से ही अटकलें तेज थीं कि पार्टी में शक्ति संतुलन बदल रहा है। ममता बनर्जी भी विशेष रूप से लोकसभा में एकजुटता की कमी से परेशान थीं। ममता बनर्जी ने बैठक में कहा भी कि सांसदों के बीच गुटबाजी अस्वीकार्य है और कहा कि पार्टी को संसद में एकता प्रदर्शित करनी चाहिए। टीएमसी के सामने इस समय सबसे बड़ी चुनौती संगठनात्मक अनुशासन और राजनीतिक संदेश की स्पष्टता है। ममता बनर्जी को यह बखूबी समझ आ गया है कि अगर पार्टी को राष्ट्रीय मंच पर गंभीरता से लिया जाना है, तो अंदरूनी विरोध और टकराव की छवि खत्म करनी होगी। कल्याण बनर्जी को हटाने का संदेश साफ हैः पार्टी लाइन से अलग चलने वालों को अब कोई छूट नहीं मिलेगी। ममता बनर्जी का यह निर्णय निश्चित ही बंगाल की राजनीति को कई स्तरों पर प्रभावित करेगा। जैसे- तृणमूल कांग्रेस के अंदर 'पुरानी पीढ़ी बनाम नई पीढ़ी' का संघर्ष और खुलकर सामने आ सकता है। कुछ वरिष्ठ नेता इस निर्णय को निजीकरण या एक परिवार तक सत्ता सिमटने के रूप में देख सकते हैं। विपक्षी दल विशेषकर भाजपा को यह कहने का मौका मिलेगा कि वे इसे ह्यएक परिवार की पार्टीह्न करार दें, जिससे ममता बनर्जी के उस नैरेटिव को धक्का लग सकता है जिसमें वह भाजपा को केंद्रीकरण और अधिनायकवाद का प्रतीक बताती रही हैं।

मेकअप चेहरे को खूबसूरत बनाता है, लेकिन कई बार मेकअप करते वक्त की गई गलतियां सेहत पर भारी पड़ सकती हैं। खासतौर से आई मेकअप के दौरान ये गलतियां भूलकर भी नहीं करनी चाहिए।



# मेकअप करते वक्त की गई ये गलतियां आंखों पर पड़ सकती हैं भारी



आजकल मेकअप का चलन सिर्फ कैमरा, फिल्मों या पार्टी फंक्शन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब रुटीन में भी लड़कियां मेकअप लगाकर रहती है। मेकअप लगाना जितना आसान हो गया है उससे जुड़े साइड इफेक्ट्स भी उतने ही बढ़ने लगे हैं। आंखों में जलन, रेडनेस या आंखों से पानी आने की समस्या खराब आई मेकअप के कारण भी हो सकती है। कई बार पलकों की जड़ों में काजल सूख जाता है, आईलाइनर लगाते ही पानी आने लगता है या आंखों में आईशैडो के कण चले जाते हैं। जिससे आंखों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में आई मेकअप के वक्त कुछ बातों का खास ख्याल रखें।

**आंखों के मेकअप में न करें ये गलतिया**

सबसे बड़ी गलती है कि आंखों में मेकअप लगाकर कभी भी सोना नहीं चाहिए। इससे रोमछिद्र बंद हो जाते हैं, जिससे आंखों में सूजन हो सकती है और बार-बार स्टाइ की समस्या हो सकती है। आंखों में लाइनर लगाकर सोने से आई टिशूज डैमेज होने का खतरा रहता है। आई लाइनर लगाने से वॉटर लाइन पिगमेंट में पुश करती है जिससे टियर फिल्म में छोटे कण चले जाते हैं। अगर आप गंदे या किसी के उपयोग किए गए ब्रशों और स्पंजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे बैक्टीरिया या फंगस से कंजंक्टिवल का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में लेंस की सतह पर ऑयली या वाटर प्रूफ उत्पादों का उपयोग न करें। केवल उन्हीं उत्पादों का उपयोग करें जो कॉन्टैक्ट लेंस पहनने के बाद उपयोग के लिए ठीक होते हैं।

चलती कार में आई मेकअप करने की गलती न करें। ऐसा करने से ब्रश या उंगलियों के जरिए कॉर्निया पर लगने की संभावना बढ़ जाती है। जो खतरनाक हो सकती है।

**आंखों को मेकअप से कैसे सुरक्षित रखें**

हर 3 से 6 महीने में आंखों के मेकअप प्रोडक्ट बदलें।

केवल टेस्टेड, स्किन एक्सपर्ट और आई स्पेशलिस्ट के द्वारा बताए गए प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें। रात में आंखों के लिए सुरक्षित, लाइट रिमूवर से आंखों का सारा मेकअप उतारें। मेकअप करने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह धोकर ही इस्तेमाल करें। आई मेकअप प्रोडक्ट और ब्रश का इस्तेमाल किसी दूसरे साथ न शेयर करें और एप्लीकेटर की सफाई का ध्यान रखें।

मेकअप प्रोडक्ट खरीदते वक्त एक या दो मिनट का समय निकालकर लेबल पढ़ें, ब्रश धो लें, या एक्सपायर हो चुके मस्कारा को फेंक दें। थोड़ी सी सावधानी आपकी आंखों को स्वस्थ और साफ रखने में काफी मददगार साबित हो सकती है।

## ब्लैकहेड्स-वाइटहेड्स की समस्या का रामबाण इलाज

अगर आपकी ऑयली स्किन है, तो आपको अक्सर ही ब्लैकहेड्स या फिर वाइटहेड्स की समस्या का सामना करना पड़ता होगा। नाक के आसपास या फिर ठुड्डी के आसपास ब्लैकहेड्स और वाइटहेड्स विजिबल होते हैं। कुछ लोग ब्लैकहेड्स-वाइटहेड्स हटाने के लिए रिमूवल टूल का इस्तेमाल करते हैं। ये प्रोसीजर थोड़ा पेनफुल भी होता है। ब्लैकहेड्स या फिर वाइटहेड्स हटाने के लिए आप इस घरेलू नुस्खे को भी आजमाकर देख सकते हैं।

ब्लैकहेड्स या फिर वाइटहेड्स हटाने के लिए त्वचा की गहराई से साफ-सफाई करनी चाहिए। स्किन की डीप क्लीनिंग के लिए आप गर्म पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्म पानी से स्किन मुलायम हो जाएगी, जिससे ब्लैकहेड्स या फिर वाइटहेड्स रिमूव करना आसान हो जाएगा। त्वचा से जुड़ी इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए स्टीमिंग की मदद ली जा सकती है। सबसे पहले एक कटोरी गर्म पानी में एक टॉवल हैंकी को अच्छी तरह से भिगोकर गीला कर लीजिए। अब आपको इस टॉवल को निचोड़कर ब्लैकहेड्स या फिर वाइटहेड्स वाले हिस्से पर लगाकर लेट जाना है। इसी स्टेप को हर एक-दो मिनट के बाद रिपीट करें। पांच से दस मिनट में आपकी त्वचा कोमल हो जाएगी। स्टीम लेकर भी आप अपनी स्किन को सॉफ्ट बना सकते हैं। सॉफ्ट स्किन को दबाते हुए आप आसानी से ब्लैकहेड्स या फिर वाइटहेड्स को निकाल सकते हैं। इसके अलावा एक कटोरी में चुटकी भर हल्दी पाउडर, एक स्पून चावल का आटा, एक स्पून नींबू का रस और एक स्पून एलोवेरा जेल को निकालकर मिक्स कर लीजिए। आप गीली स्किन पर इस मिक्सचर से स्क्रबिंग करके भी ब्लैकहेड्स या फिर वाइटहेड्स को हटा सकते हैं।



# 'प्लीज मुझे फोन कीजिए'

## हिना खान ने बताया कैंसर की वजह से 1 साल से नहीं मिल रहा काम

हिना खान ने बताया कैंसर की वजह से 1 साल से नहीं मिल रहा काम। हिना ने कहा कि कैंसर की वजह से उन्हें कई प्रोजेक्ट्स छोड़ने पड़े। उन्होंने कहा कि वो काम करने को तैयार है। साथ ही, उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अभी भी लोग उनके साथ काम करने को हिचक रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने पिछले साल अपने फंस को बताया था कि उन्हें कैंसर की बीमारी हुई है। हिना ने लगातार अपने फंस को अपने कैंसर के ट्रीटमेंट से जुड़े अपडेट्स दिए हैं। अब हिना खान ने लंबे वक्त बाद टीवी की दुनिया में वापसी की है। हिना खान इन दिनों कलर्स के रियलिटी शो पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं। उन्होंने खुलासा किया कि कैंसर की वजह से एक साल में उन्होंने कई प्रोजेक्ट्स छोड़े हैं और अब वो काम करने को तैयार हैं।

हिना को नहीं मिल रहा है काम हिना खान ने कहा कि वो अब काम करने को तैयार हैं, लेकिन वो इस चीज को महसूस कर पाती हैं कि कुछ लोग अब भी उनके साथ काम करने में हिचक रहे हैं। हिना खान ने कहा, सब कुछ होने के बाद ये मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझे सीधे-सीधे ये कहा नहीं है कि, 'तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो', लेकिन मैं समझ सकती हूं कि शायद लोग सही कारणों से हिचकिचा रहे हैं। क्या बोलीं हिना खान हिना खान ने कहा, ठीक है। मुझे वो नॉर्म तोड़ना पड़ेगा। शायद ये शो वो कर सके। मैं समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, मैं इस बारे में 1000 बार सोचती।उन्होंने कहा कि पिछले एक साल से कास्टिंग कॉल्स की खामोशी के बावजूद भी अब वो नए रोल्स करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैं ऑडिशन्स के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने कॉल नहीं किया है, तमाम वजहों से। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, प्लीज फोन कीजिए मुझे। पति पत्नी और पंगा में हिना खान ने अपने पति रॉकी जैसवाल के साथ हिस्सा लिया। इस शो में रुबीना दिलैक-अभिनव शुक्ला, अविका गौर-मिलिंद चांदवानी, सुदेश लहरी-ममता लहरी, गीता फोगाट-पवन कुमार, स्वरा भास्कर-फहाद अहमद और देबीना बनर्जी-गुरमीत चौधरी ने हिस्सा लिया है।

## सलमान खान शुरू करना चाहते हैं 'लुका-छिपी' और 'चोर-पुलिस' जैसी लीग



वर्ल्ड पैडल लीग के तीसरे सीजन के शुभारंभ में सुपरस्टार सलमान खान ने शिरकत की, जहां उन्होंने मजाकिया अंदाज में बताया कि वह 'लुका-छिपी' और 'चोर पुलिस' जैसे क्लासिक बचपन के खेलों के लिए अपनी खुद की लीग बनाना चाहते हैं। सलमान ने कहा, मैं कंचे, गिल्ली-डंडा, चेन कुक, लुका-छिपी और चोर-पुलिस जैसी लीग शुरू करना चाहूंगा। साथ ही, पढ़े-लिखे लोगों के लिए डॉक्टर-डॉक्टर लीग भी खोलना चाहता हूं। उनकी इस मजेदार टिप्पणी ने सभी का ध्यान खींचा। उनके भाई सोहेल खान वर्ल्ड पैडल लीग में एक टीम के मालिक हैं। सलमान जल्द ही विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन में बतौर होस्ट वापसी करने वाले हैं। शो का भव्य प्रीमियर 24 अगस्त को होने की उम्मीद है। सलमान ने कहा, मैं लंबे समय से बिग बॉस का हिस्सा हूं। इस बार यह शो घरवालों की सरकार थीम के साथ आएगा। जब कई लोग एक साथ नियंत्रण करने की कोशिश करते हैं, तो चीजें उलझ जाती हैं और घर युद्ध का मैदान बन जाता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान एआर. मुरुगादॉस की एक्शन-ड्रामा फिल्म सिकंदर में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी, सत्यराज, जतिन सर्ना, संजय कपूर और प्रतीक बब्बर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। सिकंदर 31 मार्च को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके अलावा, सलमान अपूर्वा लाखिया की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में भी दिखेंगे। यह फिल्म साल 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुए तनावपूर्ण टकराव पर आधारित है।

## 'महावतार नरसिम्हा' ने तीसरे संडे भी दिखाया जलवा, ताबड़तोड़ की कमाई



डायरेक्टर अश्विन कुमार की फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' की गूंज से पूरा बॉक्स ऑफिस हिला हुआ है। ये फिल्म हर दिन शानदार कमाई के साथ अपनी नए रिकॉर्ड बना रही है। 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'महावतार नरसिम्हा' ने कई बड़ी फिल्मों को धूल चटा दी है। इस एनिमेटेड फिल्म की कहानी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। 'महावतार नरसिम्हा' का हिंदी वर्जन जमकर कलेक्शन कर रहा है। ये फिल्म अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमा चुकी है। इसी बीच अब 'महावतार नरसिम्हा' के 17वें दिन के कलेक्शन सामने आ चुके हैं, जो काफी शानदार है। संडे को फिल्म ने दिखाया जलवा 'महावतार नरसिम्हा' का बजट 15 करोड़ हुए हैं। ये एक एनिमेटेड फिल्म है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म ने कई बिग बजट और बिग स्टार्स की फिल्में जैसे सैयारा और सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से ज्यादा कलेक्शन कर रही है। लेकिन आने वाले कुछ दिनों बाद इसके सामने दो और बड़ी फिल्म टक्कर देने आ रही हैं। 14 अगस्त को कुली और वॉर 2 जैसी बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही है, जिसके बाद इसकी कमाई पर कुछ असर पड़ सकता है। खैर अब बात करते हैं 'महावतार नरसिम्हा' के कलेक्शन की। फिल्म ने 17वें दिन 22.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 168.65 करोड़ रुपये हो गया है। डे 7- 7.5 करोड़ रुपये डे 8- 7.7 करोड़ रुपये डे 9- 15.4 करोड़ रुपये डे 10- 23.1 करोड़ रुपये डे 11- 7.35 करोड़ रुपये डे 12- 8.5 करोड़ रुपये डे 13- 6 करोड़ रुपये डे 14- 5.35 करोड़ रुपये डे 15- 7.5 करोड़ रुपये डे 16- 20.25 करोड़ रुपये डे 17- 22.75 करोड़ रुपये (अर्ली रिपोर्ट) टोटल कलेक्शन- 168.65 करोड़ रुपये

# रोहित-कोहली के वनडे भविष्य को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखाएगा बीसीसीआई

### फिलहाल एशिया कप पर ध्यान



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है और अब इन दोनों बल्लेबाजों के वनडे भविष्य को लेकर अटकलें चल रही है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इन दोनों को लेकर जल्दबाजी दिखाने के मूड में नहीं है। भारत का अगस्त में होने वाला बांग्लादेश दौरा स्थगित हो चुका है और टीम को 19 अक्तूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले इस प्रारूप की कोई सीरीज नहीं खेलनी है। कोहली और रोहित के नाम वनडे में संयुक्त रूप से 83 शतक और 25000 से ज्यादा रन है। भारतीय क्रिकेट में इस बात की चर्चा है कि अक्तूबर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक रोहित 40 और कोहली 39 साल के हो जाएंगे। ऐसे में क्या ये दोनों दिग्गज तब तक टिके रह पाएंगे? बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, जाहिर है कि अगर रोहित और कोहली के दिमाग में कोई बात होगी तो वे बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को बताएंगे जैसे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट दौरे से पहले किया था। भारतीय टीम के नजरिए से देखें तो अगला बड़ा टूनामेंट फरवरी में होने वाला टी20 विश्व कप और उससे जुड़ी तैयारियां हैं। फिलहाल ध्यान एशिया कप टी20 टूनामेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम भेजने पर होगा, उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी फिट और उपलब्ध होंगे।

## लंबी कूद में वीर सिंह, अमन एवं दौड़ में सतीश विजेता



**बाह।** बाह, बटेश्वर क्षेत्र में हुई लंबी कूद एवं दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। फरैरा में हुई लंबी कूद में भाऊपुरा के वीर सिंह प्रथम, नरी के रामभरत द्वतीय, फरैरा के करन तृतीय रहे। निर्णायक दिनेश शर्मा, फरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र शर्मा रहे। पुरस्कार वितरण सुरेन्द्र सिंह, हीरा कटारे, चरन सिंह, हुकुम सिंह, सप्ता प्रसाद शर्मा, उदयवीर सिंह प्रधान, हीरा सिंह पूर्व प्रधान द्वारा किया गया। वहीं कलींजर में हुई लंबी कूद प्रतियोगिता में अमन यादव प्रथम, विनय यादव द्वतीय, अनिल वर्मा तृतीय रहे। कलींजर में कुशवाह समाज ने 5 किमी की मैराथन दौड़ का आयोजन किया। जिसमें सामरेमऊ के सतीश प्रथम, आगरा के प्रवेश द्वतीय, मोरहारी के राजेश तृतीय रहे।

# वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को हराया, सीरीज 1-1 की बराबरी पर

### रोस्टन चेज ने नाबाद 49 रन बनाए, एक विकेट भी लिया



**त्रिनिडाड।** वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर पर पहुंच गई है। रविवार को त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए बारिश से बाधित इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बारिश के बाद मैच 37-37 ओवर का कर दिया गया।

पाकिस्तान ने 37 ओवर में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज को डुछर नियम के तहत 35 ओवर में 181 रनों का टारगेट मिला। टीम ने 33.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। रोस्टन चेज ने नाबाद 49 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। चेज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अब सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 12 अगस्त को इसी मैदान पर खेला जाएगा। पाकिस्तान के लिए कोई बड़ी पारी नहीं खेल सका पाकिस्तान की ओर से पहले विकेट के लिए सईम आयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने 51 गेंद पर 37 रनों की साझेदारी की। टीम का पहला विकेट सईम के रूप में गिरा। सईम 31 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बाबर आजम बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। पाकिस्तान के लिए हसन नवाज ने सबसे ज्यादा 36* रन बनाए। हुसैन तलत ने 32 गेंद पर 31 रनों की तेज पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए जायडन सील्स ने 7 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए। शमार जोसेफ, गुडाकेश मोती, रोस्टन चेज, जस्टिन ग्रीव्स और जेडियाह ब्लेड्स को 1-1 विकेट मिला। खराब शुरूआत के बाद जीता वेस्टइंडीज वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही और चौथे ओवर तक दोनों सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (1) और इविन लुईस (7) पवेलियन लौट गए। 7 ओवर के बैटिंग पावरप्ले में टीम ने सिर्फ 22 रन बनाए थे। हालांकि इसके बाद टीम के कप्तान शाई होप ने 35 गेंद पर 32 और शेरफेन रदरफोर्ड ने 33 गेंद पर 45 रन बनाए। रोस्टन चेज ने 47 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की पारी खेली। उन्होंने जस्टीन ग्रीव्स के साथ मिलकर टीम को टारगेट तक पहुंचा दिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने लगातार नौवां टी-20 जीता

### साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया, डार्विन ग्राउंड पर पहली जीत

**डार्विन।** ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका पर 17 रन से हरा दिया। यह कंगारुओं की टी-20 में लगातार 9वीं जीत है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 12 अगस्त को डार्विन ग्राउंड पर खेला जाएगा। इस मैदान पर रविवार को पहली बार टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला गया। इतना ही नहीं, यहां 18 साल बाद इंटरनेशनल मुकाबले की वापसी भी हुई। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 178 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने एक समय टीम ने 75 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में टिम डेविड ने स्कोर 150 पार पहुंचाया। उन्होंने 52 बॉल पर 83 रनों की आक्रामक पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। साउथ अफ्रीका की ओर से क्वेना मफाका ने 4 विकेट झटके। कगिसो रबाडा को 2 विकेट मिले। 179 रन चेज कर रही साउथ अफ्रीका 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन ही बना सकी। ओपनर रायन रिकेल्टन ने 55 बॉल पर 71 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड और बेन ड्वार्शिस ने 3-3 विकेट झटके। एडम जम्पा को 2 विकेट मिले। 11 महीने से टी-20 नहीं हारा ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछले 11 महीने से कोई टी-20 मैच नहीं हारी है। टीम को आखिरी हार 13 सितंबर 2024 कार्डिफ में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। उसके बाद कंगारू टीम ने लगातार 9 मुकाबले जीते हैं। कंगारुओं ने इससे पहले वेस्टइंडीज को उसी के घर में 5 मैचों की सीरीज में 5-0 से हराया था।



### एशिया कप से पहले एक्शन में बीसीसीआई

## फिटनेस टेस्ट के लिए हार्दिक पांड्या को बुलाया एनसीए



**नई दिल्ली।** क्रिकेट एशिया कप को शुरू होने में अब एक महीने से भी कम का समय बचा है। बीसीसीआई ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है, क्योंकि बोर्ड अगस्त के तीसरे हफ्ते तक स्क्वॉड जारी कर देगा। सूर्यकुमार यादव अभी पूरी तरह फिट नहीं है, वहीं हार्दिक पांड्या का खेलना फिटनेस टेस्ट पर निर्भर करेगा। पांड्या अभी बेंगलुरु पहुंच गए हैं। हार्दिक पांड्या आज और मंगलवार, 12 अगस्त को बेंगलुरु स्थित एनसीए में फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे। ऑलराउंडर स्टार पांड्या जुलाई के बीच से मुंबई में ट्रेनिंग कर रहे हैं। पांड्या ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 और इसी वर्ष हुए चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने गेंद और बल्ले, दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। एशिया कप को शुरू होने में करीब एक महीने का समय बचा है, टूनामेंट यूएई में 9 सितंबर से शुरू होगा। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के साथ होना है। कप्तान सूर्यकुमार यादव अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं, उन्हें ठीक होने में करीब 1 हफ्ते का समय और लगेगा और फिर वह मैच के लिए कब फिट होंगे? ये भी देखना दिलचस्प होगा।

## सोमवार, 11 अगस्त राशिफल

आज का दिन मेष राशि वालों के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए खर्चों पर सख्ती से नियंत्रण रखें। किसी भी तरह का नया निवेश करने से बचें। फिलहाल अपने मौजूदा निवेशों की जांच करें।

आज का दिन वृषभ राशि वालों के लिए थोड़ा कठिन और अलग रहेगा। कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं, लेकिन खुद को असफल न समझें। पुराने अनुभवों से सीख लेते हुए मन को शांत रखें। आगे से ज्यादा मेहनत करनी होगी और दूसरों की मदद भी ले सकते हैं।

मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और सहकर्मियों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। परिवार और दोस्तों से संबंध मजबूत रखने की कोशिश करें। नए और रोमांचक काम मिलेंगे जो आपको लक्ष्य की तरफ बढ़ाएंगे।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आपको हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी और खुशियां बढ़ेंगी। कामकाज में धैर्य और संयम रखें। पारिवारिक मामलों में बहसबाजी से बचें। नौकरीपेशा जातक अपने करियर में आगे बढ़ेंगे और आय में बढ़ोतरी होगी।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा मुश्किल हो सकता है। चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहें और खुद पर भरोसा बनाए रखें। धैर्य और सहनशीलता बनाए रखें। नया काम शुरू करने से पहले सावधानी बरतें और सोच-समझकर निर्णय लें।

कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। काम को सही तरीके से और समय पर निपटाएं। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताकर खुद को सकारात्मक बनाए रखें। खुद पर भरोसा रखें और धीरे-धीरे काम करें।

तुला राशि वालों के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आपकी सोच सकारात्मक रहेगी। निजी और पेशेवर जिंदगी में आपकी बातचीत की क्षमता बढ़ेगी, जिससे आप अपनी बात आसानी से रख पाएंगे। क्रिएटिव क्षेत्र में काम करने वालों के लिए यह समय बहुत अच्छा रहने वाला है।

आज का दिन वृश्चिक राशि के लिए बहुत अच्छा होने वाला है। आपको कामकाज में सफलता मिलेगी और मन खुश रहेगा। कोई बड़ी परेशानी सामने नहीं आएगी। खुद पर भरोसा रखें और पूरे समर्पण के साथ काम करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें और खाने-पीने में सावधानी बरतें।

धनु राशि के लिए आज का दिन थोड़ा कठिन हो सकता है। कामकाज में रुकावटें आएंगी। लोगों का व्यवहार आपको हैरान कर सकता है। आपको जीवनसाथी के साथ की जरूरत पड़ सकती है। आज अपना ध्यान काम पर रखें। कारोबार में धैर्य बनाए रखें।

मकर राशि वालों के लिए आज का दिन बहुत शुभ रहेगा। यह आपके जीवन के यादगार दिनों में से एक हो सकता है। आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। अच्छा मूड आपके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर डालेगा।

आज का दिन कुंभ राशि के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। आज काम में असफलता का सामना करना पड़ सकता है। धैर्य बनाए रखें और सही फैसले लें। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें और तनाव से दूर रहने की कोशिश करें। पौष्टिक आहार लें।

मीन राशि वालों के लिए आज का दिन थोड़ा उलझन भरा रह सकता है। आज मन में उदासी आ सकती है। आपको आज संयम के साथ काम करने की जरूरत है। इसके साथ ही आज हर हालात से सीखें। कारोबार में जल्दबाजी से बचें और किसी के बहकावे में न आएं।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# पचकुइयां में प्राचीन भुजरिया मेले की धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

एनएनआई

**आगरा।** पचकुइयां चौराहे पर आयोजित प्राचीन भुजरिया मेला इस वर्ष भी उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष मुनेन्द्र जादौन के अनुसार मेले का शुभारंभ 10 अगस्त 2025 को केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, पूर्व विधायक चौ. उदयभान सिंह, समाजसेवी सुनील अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद गुप्ता, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन प्रदीप भाटी, पूर्व राज्य महिला



आयोग सदस्य निर्मला दीक्षित व अन्य अतिथियों ने किया। अतिथियों ने मेले को सामाजिक सद्भाव और सौहार्दका प्रतीक बताते हुए कहा कि यहां लोग जाति, धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर एकजुट होते हैं। लगभग सौ वर्ष से अधिक पुराने इस मेले का स्थानीय लोगों को हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है। मेले में झूले, खरीदारी, खान-पान के स्टाल और दिल्ली से आए ऑर्केस्ट्रा कलाकारों के रंगारंग कार्यक्रमों ने बच्चों और बड़ों सभी को खूब आनंदित किया। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 15 अगस्त को हजारों देशभक्तों संग निकलेगी तिरंगा यात्रा



एनएनआई

**आगरा।** तिरंगा फाउंडेशन द्वारा भारत विकास परिषद ब्रज प्रांत के सहयोग से 15 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। रविवार को फतेहाबाद रोड स्थित तिरंगा फाउंडेशन कार्यालय का उद्घाटन भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने किया। इसी मौके पर यात्रा के आमंत्रण पत्र का विमोचन भी किया गया। संस्थापक भोला पंडित ने बताया कि यह 7वीं भव्य तिरंगा यात्रा सुबह 9 बजे होटल अमर से शुरू होकर ताज व्यू तिराहा, होटल मुगल, कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन, बसई पुलिस चौकी, सेल्फी पॉइंट, तौरा, होटल जेपी, कलाल खेरिया, केएनसीसी होते हुए कुआंखेड़ा स्थित शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता स्मृति स्थल पर संपन्न होगी। यात्रा को केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, बेबीरानी मौर्य, विधायकगण और आरएसएस के प्रांत प्रचारक विभाग प्रचारक धर्मेंद्र हरी झंडी दिखाएंगे। संरक्षक एडवोकेट बसंत गुप्ता ने बताया कि हजारों देशभक्त दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ शामिल होंगे। मुख्य आकर्षण में 121 फीट लंबा तिरंगा और शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता की विशाल झांकी रहेगी। सेना की वर्दी में कलाकार वीर सपूतों की शहादत का प्रदर्शन कर श्रद्धांजलि देंगे।

## वर्षों बाद पांच पीढ़ियां एक साथ, 550 सदस्य जुटे पारिवारिक मिलन में

एनएनआई

**आगरा।** संकल्प मैरिज होम में रविवार को मित्तल परिवार का अद्भुत मिलन हुआ, जिसमें पांच पीढ़ियों के करीब 550 सदस्य एक साथ जुटे। नजारा ऐसा था मानो किसी की बारात हो। 25-30 साल बाद एक-दूसरे से मिलकर लोग हैरान और खुश थे- बचपन में देखे चेहरे अब दादी-नानी या बदलते रूप में नजर आए। यह परिवार पूना, अहमदाबाद, जयपुर, ग्वालियर, धौलपुर, बाड़ी और सूरत से कार्यक्रम में शामिल होने आया।



शुरूआत भगवान की आराधना और आरती से हुई, फिर सभी को चंदन लगाकर माला पहनाई गई। कई रिश्ते, जो समय के साथ बिसर गए थे, फिर से जीवंत हो उठे। जगदीश मित्तल ने बताया कि इस आयोजन का विचार तीन साल पहले आया था और पिछले तीन महीने से तैयारी चल रही थी। कार्यक्रम में मित्तल परिवार का कुलग्रंथ भी विमोचित हुआ, जिसमें सभी 550 सदस्यों की फोटो, पता और संपर्क नंबर दर्ज हैं। पहले पहुंचने वाले 10 परिवारों को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। मुख्य रूप से सुरेश चंद, सुनहरी लाल, रमेश चंद मित्तल, ताराचंद मित्तल, प्रेमेंद्र मित्तल, राजेश मित्तल, प्रमोद मित्तल, गौरव मित्तल सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## होटल क्लार्क्स शीराज में शुरू हुआ मानसून स्ट्रीट फेस्टिवल

एनएनआई

**आगरा।** बारिश के मौसम में स्वाद का तड़का लगाने के लिए होटल क्लार्क्स शीराज में 22 अगस्त तक मानसून स्ट्रीट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। होटल के सुसज्जित हाल 'देवम' में हर शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस फेस्टिवल में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों प्रकार के व्यंजनों की विविधता मिलेगी। होटल के उपाध्यक्ष अमूल्य कक्कड़ ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी आगरा के फूड लवर्स के लिए खास रहेगा।



एग्जीक्यूटिव शेफ उमेश कुण्डलिया के अनुसार मेन्यू में दक्षिण भारतीय व्यंजन, उत्तर भारत के गरमागरम तवे के पराठे, पंजाबी छोले-भठूरे, पाव भाजी, पनीर खुरचन, काठी रोल, रगड़ा समोसा और चाइनीज डिशेज शामिल हैं। खास आकर्षण क्लार्क्स की चाय की टपरी होगी, जहां कुल्हड़ वाली मसाला चाय, कॉफी और लाजवाब मिठाइयों का आनंद लिया जा सकेगा।